कर्नाटक सरकार

# हिंदी सुमन

## प्रथम भाषा हिंदी

## HINDI FIRST LANGUAGE

# 3

तीसरी कक्षा

**Third Standard**

©KTBS
Not to be republished

**Karnataka Textbook Society (R.)**
100 Ft. Ring Road, BSK 3rd Stage,
Bengaluru - 560085.

# Preface

Since June 2010 the Textbook Society, Karnataka has been engaged in producing new textbooks according to the new syllabi which in turn are designed based on NCF – 2005. Textbooks are prepared in 12 languages; seven of them serve as media of instruction. From standard 1 to 4 there are EVS, mathematics and from 5th to 10th there are three core subjects namely mathematics, science and social science.

NCF – 2005 has a number of special features and they are:

- Connecting knowledge to life activities
- Learning to shift from rote methods
- Enriching the curriculum beyond textbooks
- Learning experiences for construction of knowledge
- Making examinations flexible and integrating them with classroom experiences
- Caring concerns within the democratic policy of the country.
- Make education relevant to the present and future needs.
- Softening the subject boundaries, integrated knowledge and the joy of learning.
- The child is the constructor of knowledge.

The new books are produced based on three fundamental approaches namely :

Constructive Approach, Spiral Approach and Integrated Approach.

The learner is encouraged to think, engage in activities, master skills and competencies. The materials presented in these books are integrated with values. The new books are not examination oriented in their nature. On the other hand they

©KTBS Not to be republished

help the learner in the total development of his/her personality; thus help him/her become a healthy member of a healthy society and a productive citizen of this great country, India.

The most important objectives of teaching language are: listening, speaking, reading, writing and reference work. These skills have been given a lot of importance in all the language textbooks. Along with the inculcation of these skills, fundamental grammar, opportunities for learners to appreciate beauty and imbibe universal life values have been integrated in them. When learners master these competencies, they would stop studying textbooks for the sake of passing examinations. In order to help learners master these competencies, a number of paired and group activities, assignments and project work have been included in the textbooks. It is expected that these activities would help learner master communicative skills. Ultimately, it is expected that students master the art of learning to learn and make use of these competencies in real life.

The Textbook Society expresses its gratitude to the chairpersons, writers, scrutinisers, artists, staff of DIETs and CTEs and the members of the Editorial Board and printers in helping the Text Book Society in producing these textbooks. A few works of some writers and poets have been included in these textbooks. The Textbook Society is extremely grateful to them for giving their consent for the inclusion of these pieces in the textbooks.

**G. S. Mudambadithaya**
Coordinator
Curriculum Revision and
Textbook Preparation
Karnataka Textbook Society®
Bangaluru, Karnataka

**Nagendra Kumar**
Managing Director
Karnataka Textbook Society®
Bangaluru, Karnataka

©KTBS Not to be republished

## पाठ्य पुस्तक रचना समिति की ओर से :

**प्रिय अध्यापको,**

आप जानते ही हैं कि भाषा एक विषय भी है और माध्यम भी है। साथ ही यह भी आपको विदित है कि भाषा के दो रुप हैं - मौखिक तथा लिखित। मौखिक रूप में हम भाषा सुनते और बोलते हैं ; और लिखित रूप में पढ़ते और लिखते हैं। सामान्यतः बालक विद्यालय में आने से पहले भी सुनता और बोलता है। विद्यालय में उसकी सुनने और बोलने की योग्यता में परिष्कार तो किया जाता है, पर वहाँ मुख्य रूप से उसे पढने और लिखने की शिक्षा दी जाती है। इस कारण इस पुस्तक के उद्देश्य हैं :

१. छात्रों को भाषा का ज्ञान देना।

२. उनमें भाषा कौशलों का विकास करना ; यथा सुनना, बोलना और विशेषतः पढ़ना और लिखना ।

३. संस्कारपूर्ण व्यक्तित्व का निर्माण करना।

इसलिए आपसे अनुरोध है कि इस पुस्तक की पाठ्य सामग्री का उपयोग उपरोक्त उद्देश्यों को सफल बनाने के लिए करने का भरसक प्रयास करें। पाठ्य सामग्री के चयन और अभ्यासों में विद्यार्थी के भाषाई विकास की समग्रता को ध्यान में रखा गया है। अभ्यासों में पाठ केंद्रित प्रश्नों को विस्तार देते हुए पाठ के अतिरिक्त ज्ञान क्षेत्रों को भी साथ रखने का प्रयास किया गया है। इससे हम आशा करते हैं कि बहुतेरे अध्यापकों पर जो तोहमत लगायी जाती है कि वे अपने सभी पाठों की तैयारी पाठ्य पुस्तक पर ही निर्भर हो कर और उसकी मज़बूत दीवारों में घिर कर ही करते हैं, से छुटकारा पा सकेंगे।

**एम. एल. दखनी**
**अध्यक्ष**

©KTBS
Not to be republished

# पाठ्य पुस्तक रचना समिति

**अध्यक्ष**

**श्री एम. एल. दखनी**, प्राचार्य (अवकाश प्राप्त), सरकारी और द.भा. हिंदी प्रचार सभा के शिक्षा महाविद्यालय, बेलगावी.

**सदस्य**

**श्रीमती अपर्णा, टी. आर.**, हिंदी शिक्षिका, ट्रीमिस वर्ल्ड स्कूल, हुलिमंगला पोस्ट, इलेक्ट्रानिक सिटि, बेंगलूरु - ५६० १०६.

**डॉ. गीता सिंह,** प्रवक्ता, सेंट क्लारेट कॉलेज, एम.इ.एस रिंग रोड, जालहल्ली विलेज,बेंगलूरु १३

**श्री. वी. एस. शिरहट्टीमठ**, मुख्योपाध्याय, एस. वी. हाइस्कूल, हलगली, मुधोल (ता), बागलकोट (जिला), पिन- ५८७१२१.

**कलाकार**

**श्रीमती शबाना शेख,** चित्रकला अध्यापिका, सरकारी माध्यमिक विद्यालय, गुंड्मी, पोस्ट -सास्ताना, जिला - उडुपि.

**परिशीलक**

**प्रो. टी. सी. सिद्धरामेश**, हिंदी विभाग, एस.जे.आर. महाविद्यालय,बेंगलूरु - ५६० ००९.

**संपादक मंडल**

**डॉ. टी.जी. प्रभाशंकर प्रेमी,** पूर्व प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, हिंदी विभाग, बेंगलूरु विश्वविद्यालय, बेंगलूरु-560 056.

**प्रधान संयोजक :**

**श्री जी.एस. मुडंबडित्ताय,** संयोजक, पाठ्य पुस्तक रचना समिति, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु - 560 085.

**सहायता और मार्गदर्शन :**

**श्री. नागेंद्र कुमार,** प्रबंध निदेशक,कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु.

**श्रीमती सी. नागमणि,** उपनिदेशक, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु.

**श्रीमती जयलक्ष्मी सी.डी.,** सहायक निदेशक, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु.

©KTBS Not to be republished

# ಪರಿಷ್ಕರಣೆ ಕುರಿತು

ಒಂದರಿಂದ ಹತ್ತನೇ ತರಗತಿಯ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಬಗ್ಗೆ ಪ್ರಕಟಗೊಂಡ ಸಾರ್ವಜನಿಕ ಅಭಿಪ್ರಾಯಗಳನ್ನು ಗಮನಿಸಿ ಮಾನ್ಯ ಮುಖ್ಯಮಂತ್ರಿಯವರೂ ಅರ್ಥಸಚಿವರೂ ಆಗಿರುವ ಶ್ರೀ ಸಿದ್ದರಾಮಯ್ಯನವರು ತಮ್ಮ 2014–15ರ ಬಜೆಟ್‌ನಲ್ಲಿ ತಜ್ಞರ ಸಮಿತಿಯನ್ನು ರಚಿಸುವ ಘೋಷಣೆ ಮಾಡಿದರು. ತಜ್ಞರು ಅನುಸರಿಸಬೇಕಾದ ಮೂಲ ಆಶಯವನ್ನು ಹೀಗೆ ಹೇಳಿದರು: "ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಸಾಮಾಜಿಕ ಸಾಮರಸ್ಯ, ನೈತಿಕಮೌಲ್ಯಗಳು, ವ್ಯಕ್ತಿತ್ವವಿಕಸನ, ವೈಜ್ಞಾನಿಕ ಮತ್ತು ವೈಚಾರಿಕ ಮನೋಭಾವ, ಜಾತ್ಯಾತೀತತೆ ಮತ್ತು ರಾಷ್ಟ್ರಿಯ ಬದ್ಧತೆಗಳಿಗೆ ಅನುವಾಗುವಂತೆ ತಜ್ಞರ ಸಮಿತಿಯನ್ನು ಪುನರ್‌ರಚಿಸಲಾಗುವುದು" – ಇದು ಬಜೆಟ್ ಭಾಷಣದಲ್ಲಿ ಸಾದರಪಡಿಸಿದ ಆಶಯ.

ಆನಂತರ ಶಿಕ್ಷಣ ಇಲಾಖೆಯು ಒಂದರಿಂದ ಹತ್ತನೇ ತರಗತಿಯವರೆಗಿನ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಪರಿಷ್ಕರಣೆಗಾಗಿ 27 ಸಮಿತಿಗಳನ್ನು ರಚಿಸಿ ದಿನಾಂಕ: 24.11.2014 ರಂದು ಆದೇಶ ಹೊರಡಿಸಿತು. ಈ ಸಮಿತಿಗಳು ವಿಷಯವಾರು ಮತ್ತು ತರಗತಿವಾರು ಮಾನದಂಡಕ್ಕನುಗುಣವಾಗಿ ರಚಿತವಾದವು. ವಿವಿಧ ಪಠ್ಯವಿಷಯಗಳಿಗೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ ತಜ್ಞರು, ಅಧ್ಯಾಪಕರು ಈ ಸಮಿತಿಗಳಲ್ಲಿದ್ದಾರೆ. ಈಗಾಗಲೇ ಲಿಖಿತವಾಗಿ ಬಂದಿರುವ ಅನೇಕ ಆಕ್ಷೇಪಗಳು ಮತ್ತು ವಿಶ್ಲೇಷಣೆಗಳನ್ನು ಪರಿಶೀಲಿಸಿ, ತಪ್ಪು ಒಪ್ಪುಗಳ ಬಗ್ಗೆ ನಿರ್ಣಯಿಸಿ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಪರಿಷ್ಕರಿಸುವ ಹೊಣೆಹೊತ್ತ ಈ ಸಮಿತಿಗಳಿಗೆ 'ಅಗತ್ಯವಿದ್ದಲ್ಲಿ ಪಠ್ಯವಸ್ತುವನ್ನು ಪರಿಷ್ಕರಿಸಿ ನಂತರ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಪರಿಷ್ಕರಿಸುವ' ಸ್ವಾತಂತ್ರ್ಯವನ್ನು 24.11.2014ರ ಆದೇಶದಲ್ಲೇ ನೀಡಲಾಗಿತ್ತು. ಆನಂತರ 19.09.2015 ರಂದು ಹೊಸ ಆದೇಶ ಹೊರಡಿಸಿ 'ಅಗತ್ಯವಿದ್ದಲ್ಲಿ ಪುನರ್ ರಚಿಸುವ' ಸ್ವಾತಂತ್ರ್ಯವನ್ನು ನೀಡಲಾಯಿತು. ಹೀಗೆ ಸಮಗ್ರ ಪರಿಷ್ಕರಣೆಗೊಂಡ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು 2016–17ರ ಬದಲು 2017–18ನೇ ಶೈಕ್ಷಣಿಕ ವರ್ಷದಲ್ಲಿ ಜಾರಿಗೊಳಿಸಲಾಗುವುದೆಂದು ಇದೇ ಆದೇಶದಲ್ಲಿ ತಿಳಿಸಲಾಯಿತು.

©KTBS Not to be republished

ಅನೇಕ ವ್ಯಕ್ತಿಗಳೂ ಸಂಘಟನೆಗಳೂ ಸ್ವಯಂಪ್ರೇರಿತರಾಗಿ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಮಾಹಿತಿದೋಷ, ಆಶಯದೋಷಗಳನ್ನು ಪಟ್ಟಿಮಾಡಿ ಶಿಕ್ಷಣ ಸಚಿವರಿಗೆ, ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕ ಸಂಘಕ್ಕೆ ಕಳುಹಿಸಿದ್ದರು. ಅವುಗಳ ಪರಿಶೀಲನೆಮಾಡಿದ್ದಲ್ಲದೆ, ಸಮಿತಿಗಳಾಚೆಗೆ ಅನೇಕ ಸಂವಾದಗಳನ್ನು ಏರ್ಪಡಿಸಿ ವಿಚಾರ ವಿನಿಮಯ ಮಾಡಿಕೊಂಡಿದ್ದೇವೆ. ಪ್ರಾಥಮಿಕ ಮತ್ತು ಪ್ರೌಢಶಾಲಾ ಅಧ್ಯಾಪಕರ ಸಂಘಗಳ ಜೊತೆ ಚರ್ಚಿಸಿದ್ದಲ್ಲದೆ ಪ್ರಶ್ನಾವಳಿ ಸಿದ್ಧಪಡಿಸಿ ಅಧ್ಯಾಪಕರಿಗೆ ಕಳಿಸಿ ಅಭಿಪ್ರಾಯಗಳನ್ನು ಸಂಗ್ರಹಿಸಲಾಗಿದೆ. ಅಧ್ಯಾಪಕರು, ವಿಷಯಪರಿವೀಕ್ಷಕರು ಮತ್ತು ಡಯಟ್ ಪ್ರಾಂಶುಪಾಲರ ಪ್ರತ್ಯೇಕ ಸಭೆಗಳನ್ನು ನಡೆಸಿ ವಿಶ್ಲೇಷಣಾತ್ಮಕ ಅಭಿಮತಗಳನ್ನು ಪಡೆಯಲಾಗಿದೆ. ವಿಜ್ಞಾನ, ಸಮಾಜವಿಜ್ಞಾನ, ಗಣಿತ, ಭಾಷೆ ಸಾಹಿತ್ಯಗಳಿಗೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ ತಜ್ಞರಿಗೆ ಮೊದಲೇ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಕಳುಹಿಸಿ ಆನಂತರ ಸಭೆ ನಡೆಸಿ ಚರ್ಚಿಸಲಾಗಿದೆ. ಮಹಿಳಾ ಸಂಘಟನೆ ಹಾಗೂ ವಿಜ್ಞಾನ ಸಂಬಂಧಿ ಸಂಸ್ಥೆಗಳನ್ನು ಆಹ್ವಾನಿಸಿ ಚಿಂತನೆ ನಡೆಸಲಾಗಿದೆ. ಹೀಗೆ ಎಲ್ಲಾ ಮೂಲಗಳಿಂದ ಪಡೆದ ಅರಿವಿನ ಆಧಾರದ ಮೇಲೆ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಅಗತ್ಯವಿದ್ದಕಡೆ ಪರಿಷ್ಕರಿಸಲಾಗಿದೆ.

ಬಹುಮುಖ್ಯವಾದ ಇನ್ನೊಂದು ಸಂಗತಿಯನ್ನು ಇಲ್ಲಿ ಹೇಳಬೇಕು. ಕೇಂದ್ರೀಯ ಶಾಲಾ (N.C.E.R.T) ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಜೊತೆ ರಾಜ್ಯದ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ತೌಲನಿಕವಾಗಿ ಅಧ್ಯಯನ ಮಾಡಿ ಸಲಹೆಗಳನ್ನು ನೀಡಲು ವಿಜ್ಞಾನ, ಗಣಿತ ಮತ್ತು ಸಮಾಜವಿಜ್ಞಾನಕ್ಕೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದಂತೆ ತಜ್ಞರ ಮೂರು ಸಮಿತಿಗಳನ್ನು ರಚಿಸಲಾಯಿತು. ಈ ಸಮಿತಿಗಳು ನೀಡಿದ ತೌಲನಿಕ ವಿಶ್ಲೇಷಣೆ ಮತ್ತು ಸಲಹೆಗಳನ್ನು ಆಧರಿಸಿ ರಾಜ್ಯ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಗುಣಮಟ್ಟವನ್ನು ಹೆಚ್ಚಿಸಲಾಗಿದೆ. ಕೇಂದ್ರೀಯ ಶಾಲಾ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳಿಗಿಂತ ನಮ್ಮ ರಾಜ್ಯದ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಗುಣಮಟ್ಟ ಕಡಿಮೆಯಾಗದಂತೆ ಕಾಯ್ದುಕೊಳ್ಳಲಾಗಿದೆ. ಜೊತೆಗೆ ಆಂಧ್ರ, ತಮಿಳುನಾಡು, ಮಹಾರಾಷ್ಟ್ರಗಳ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಜೊತೆ ನಮ್ಮ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಪರಿಶೀಲಿಸಲಾಗಿದೆ.

ಇನ್ನೊಂದು ಸ್ಪಷ್ಟನೆಯನ್ನು ನೀಡಲು ಬಯಸುತ್ತೇನೆ. ನಮ್ಮ ಸಮಿತಿಗಳು ಮಾಡಿರುವುದು ಪರಿಷ್ಕರಣೆಯೇ ಹೊರತು ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಸಮಗ್ರ ರಚನೆಯಲ್ಲ. ಆದ್ದರಿಂದ ಈಗಾಗಲೇ

©KTBS Not to be republished

ರಚಿತವಾಗಿರುವ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಸ್ವರೂಪಕ್ಕೆ ಎಲ್ಲಿಯೂ ಧಕ್ಕೆಯುಂಟುಮಾಡಿಲ್ಲ. ಲಿಂಗತ್ವ ಸಮಾನತೆ, ಪ್ರಾದೇಶಿಕ ಪ್ರಾತಿನಿಧ್ಯ, ರಾಷ್ಟ್ರೀಯ ಸಮಗ್ರತೆ, ಸಮಾನತೆ, ಸಾಮಾಜಿಕ ಸಾಮರಸ್ಯಗಳ ಹಿನ್ನೆಲೆಯಲ್ಲಿ ಕೆಲವು ಪರಿಷ್ಕರಣೆಗಳು ನಡೆದಿವೆ. ಹೀಗೆ ಪರಿಷ್ಕರಿಸುವಾಗ ರಾಷ್ಟ್ರೀಯ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ ಚೌಕಟ್ಟು ಮತ್ತು ರಾಜ್ಯ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ ಚೌಕಟ್ಟುಗಳನ್ನು ಮೀರಿಲ್ಲವೆಂದು ತಿಳಿಸಬಯಸುತ್ತೇನೆ. ಜೊತೆಗೆ ನಮ್ಮ ಸಂವಿಧಾನದ ಆಶಯಗಳನ್ನು ಅನುಸರಿಸಲಾಗಿದೆ. ಸಮಿತಿಗಳು ಮಾಡಿದ ಪರಿಷ್ಕರಣೆಯನ್ನು ಮತ್ತೊಮ್ಮೆ ಪರಿಶೀಲಿಸಲು ವಿಷಯವಾರು ಉನ್ನತ ಪರಿಶೀಲನ ಸಮಿತಿಗಳನ್ನು ರಚಿಸಿ ಅಭಿಪ್ರಾಯಪಡೆದು ಅಳವಡಿಸಲಾಗಿದೆ.

ಹೀಗೆ ಕ್ರಮಬದ್ಧವಾಗಿ ನಡೆದ ಕೆಲಸಕ್ಕೆ ತಮ್ಮನ್ನು ತಾವು ಸಂಪೂರ್ಣ ತೊಡಗಿಸಿಕೊಂಡ 27 ಸಮಿತಿಗಳ ಅಧ್ಯಕ್ಷರು ಮತ್ತು ಸದಸ್ಯರನ್ನು ಹಾಗೂ ಉನ್ನತ ಪರಿಶೀಲನಾ ಸಮಿತಿಯ ಸಮಸ್ತರನ್ನು ಕೃತಜ್ಞತೆಯಿಂದ ನೆನೆಯುತ್ತೇವೆ. ಅಂತೆಯೇ ಸಮಿತಿಗಳ ಕೆಲಸ ಸುಗಮವಾಗಿ ನಡೆಯುವಂತೆ ವ್ಯವಸ್ಥೆಮಾಡಲು ಕಾರ್ಯಕ್ರಮ ಅಧಿಕಾರಿಗಳಾಗಿ ನಿಷ್ಠೆಯಿಂದ ದುಡಿದ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕ ಸಂಘದ ಎಲ್ಲಾ ಅಧಿಕಾರಿಗಳನ್ನೂ ನೆನೆಯುತ್ತೇವೆ. ಸಹಕರಿಸಿದ ಸಿಬ್ಬಂದಿಗೂ ನಮ್ಮ ವಂದನೆಗಳು. ಅಭಿಪ್ರಾಯ ನೀಡಿ ಸಹಕರಿಸಿದ ಸರ್ವ ಸಂಘಟನೆಗಳು ಮತ್ತು ತಜ್ಞರಿಗೆ ಧನ್ಯವಾದಗಳು.

**ನರಸಿಂಹಯ್ಯ**
ವ್ಯವಸ್ಥಾಪಕ ನಿರ್ದೇಶಕರು
ಕರ್ನಾಟಕ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕ ಸಂಘ (ರಿ)
ಬೆಂಗಳೂರು–85

**ಪ್ರೊ. ಬರಗೂರು ರಾಮಚಂದ್ರಪ್ಪ**
ಸರ್ವಾಧ್ಯಕ್ಷರು
ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕ ಪರಿಷ್ಕರಣ ಸಮಿತಿ
ಕರ್ನಾಟಕ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕ ಸಂಘ (ರಿ)
ಬೆಂಗಳೂರು–85

©KTBS Not to be republished

# पाठ्य पुस्तक परिष्करण समिति

*सर्वाध्यक्ष :*

**प्रो. बरगूरु रामचंद्रप्पा,** अध्यक्ष, कर्नाटक राज्य पाठ्य पुस्तक परिष्करण समिति, बेंगलूरु.

*सहयोग :*

**श्री नरसिंहय्या,** प्रबंध निदेशक, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु-560085

**श्रीमती. नागमणि,** उपनिदेशक, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु.

*अध्यक्षः*

**डॉ. नामदेव. एम. गौडा,** विभागाध्यक्ष, हिंदी विभाग, महाराजा कॉलेज, मैसूरु विश्वविद्यानिलय, मैसूरु-570005

*सदस्य :*

**डॉ. रागिनी. आर,** हिंदी अध्यापिका (स्वैच्छिक अवकाश प्राप्त) 738/4, सोप्पिनकोला स्ट्रीट, काशीपति अग्रहार, के.आर. मुहल्ला, मैसूरु - 24

**श्रीमती सुमा एस्. के.,** विषय परिवीक्षीका (हिन्दी) बेंगलूर विभाग आयुवतालय, बेंगलूरु - 01.

**डॉ. एस. ए. मंजुनाथ,** सहायक प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, हिंदी विभाग, पोंपै कॉलेज, ऐकला, मंगलूरु-574141

**डॉ. एस. विजि,** सह-शिक्षक (हिंदी), सरकारी हाईस्कूल, वोंटीकोप्पल, मैसूरु-570020

**श्री जी. एम. मंजुनाथ,** सह-शिक्षक (हिंदी), सरकारी पी.यु. कॉलेज, गौनीपल्ली, श्रीनिवासपुरा ताल्लुका, कोलार जिला-563161

**श्रीमती. वसंतकुमारी बाई,** सह-शिक्षिका (हिंदी), एस. एस. पी. एस. हाईस्कूल, कोप्पा ताल्लुका, चिक्कमगलूरु जिला - 577126

**वासुदेवमूर्ति एस.,** हिंदी अध्यापक, सरकारी हाईस्कूल, जी.बी. सरगूरु, एच.डी.कोटे (ता), मैसूरु जिला - 570026.

*उन्नत परिशीलन समिति :*

**डॉ. काशीनाथ अंबलगे,** अवकाश प्राप्त प्रोफेसर, गुलबर्गा विश्वविद्यालय, कलबुरगि.

**डॉ. के.ए. सेबास्टियन,** क्राइस्ट विश्वविद्यालय, होसूर रोड, बेंगलूरु

**डॉ. गणेश पवार,** अध्यक्ष, हिंदी विभाग, अकर्नाटक केंद्रीय विश्वविद्यालय, कलबुरगि.

*कलाकारः*

**श्री डी. एन. वेंकटेश,** सरकारी हाईस्कूल, उरमार केसलगेरे, मंड्या जिला.

*कार्यक्रम संयोजक :*

**श्रीमती जयलक्ष्मी सी.डी.,** सहायक निदेशक, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु.

©KTBS Not to be republished

# अनुक्रमणिका



| क्र.सं. | पाठ का नाम | विधा | पृ.सं. |
|---|---|---|---|
| 1. | किताब | कविता | 1 |
| 2. | प्रायश्चित्त | गद्य | 6 |
| 3. | नागप्पा का शंख | गद्य | 10 |
| 4. | परछाई | कविता | 16 |
| 5. | घमंडी दीपक | गद्य | 20 |
| 6. | स्वतंत्रता दिवस | गद्य | 25 |
| 7. | कुसंगति से बचें | गद्य | 31 |
| 8. | सीखो | कविता | 36 |
| 9. | करामाती ऐनक | गद्य | 40 |
| 10. | दयावान सिद्धार्थ | गद्य | 45 |
| 11. | साहसी उर्मिला | गद्य | 52 |
| 12. | यह देश हमारा | कविता | 58 |
| 13. | सरदार वल्लभभाई पटेल | गद्य | 62 |
| 14. | खिलौने | गद्य | 66 |
| 15. | धरती बल | कविता | 72 |
| 16. | तेनालीराम | गद्य | 75 |
| 17. | जल ही जीवन है | गद्य | 81 |
| 18. | डायरी का एक पन्ना | गद्य | 86 |



©KTBS Not to be republished

पाठ १

# किताब

**आशय : किताबों के प्रति बच्चों के मन में प्रेरणा उत्पन्न करना। बच्चों में मानवीयता के गुण किताबों द्वारा मात्र संभव है।**



सारी चीज़ों में सबसे प्यारी
होती है किताब,
उलझे-उलझे हर सवाल का
देती है जवाब।1।



कोई छोटी, कोई मोटी,
होती है किताब,
कोई कठिन तो कोई सरल,
होती है किताब।2।



पढ़ना-पढ़ाना अच्छी आदत
इसको तुम अपनाओ,
अध्ययन से बनते इनसान
इससे न कतराओ।3।

****

**कविता - सार**

किताब अर्थात् पुस्तक हमारे लिए मित्र जैसी है। वह हमारा मार्गदर्शन करती है। हमारे सवालों का ठीक-ठीक जवाब देती है। इसलिए हमें किताब से स्नेह करना चाहिए और उससे दूर नहीं जाना है।

© KTBS Not to be republished

**जानो :**

उलझे-उलझे - कठिन, चिंता; सवाल - प्रश्न, पूछने का भाव; अध्ययन - पढ़ाई, कतराना - नज़र बचाकर निकल जाना, दूर जाना।

## अभ्यास

**I. बताओ :**

१) सारी चीज़ों में प्यारी चीज़ कौन-सी है?

२) हर सवाल का जवाब किससे मिलता है ?

३) कोई किताब कठिन होती है, तो कोई किताब क्या होती है ?

४) किताबें कैसी होती हैं ?

५) कौन-सी आदत अच्छी है?

६) अध्ययन से क्या बनते हैं ?

**II. सही शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरो :**

१) सबसे प्यारी होती है __________ ।

२) हर __________ का देती है जवाब।

३) कोई छोटी कोई __________ होती है किताब।

४) पढ़ना-पढ़ाना अच्छी __________ इसको तुम अपनाओ।

५) अध्ययन से बनते __________ इससे न कतराओ।

| आदत, | इनसान, | सवाल, | किताब, | मोटी |
|---|---|---|---|---|

©KTBS Not to be republished

**III. शुद्ध रूप लिखो :**

१) प्यारा किताब - प्यारी किताब

२) अच्छा आदत - ______________

३) छोटा किताब - ______________

४) सारा चीज़ - ______________

५) मोटा किताब - ______________

**IV. वाक्यों में प्रयोग करो :**

१) किताब : ______________________________ ।

२) सवाल : ______________________________ ।

३) इनसान : ______________________________ ।

४) अनपढ़ : ______________________________ ।

५) अध्ययन : ______________________________ ।

६) आदत : ______________________________ ।

७) छोटी : ______________________________ ।

**V. आपके घर में कौन-कौन किताबें पढ़ते हैं ?**

(उनके आगे सही (✓) चिह्न लगाओ)

१) माता ( )

©KTBS Not to be republished

२) पिता ( )

३) भाई ( )

४) बहन ( )

५) नौकर ( )

६) नौकरानी( )

**VI. विलोम शब्द लिखो:**

जैसे : सवाल x जवाब

१) छोटी x _____

२) मोटी x _____

३) _____ x सरल

४) _____ x बुरी

५) मित्र x _____

६) गलत x _____

**VII. अगर तुम्हें इस कविता का नाम बदलने को कहें, तो तुम इसे क्या नाम दोगे ?**

| | | |
|---|---|---|
| | | |

©KTBS Not to be republished


**कविता से आगे-**

**चित्र बनाओ :**

१. मोटी किताब

२. कलम और किताब

३. पढ़ते हुए विद्यार्थी




©KTBS Not to be republished

# पाठ २ प्रायश्चित्त

-मोहनदास करमचंद गांधी

**आशय : गलती करना सहज है। उस गलती को स्वीकार करना और उसके लिए प्रायश्चित्त करने की प्रेरणा बच्चों को मिलती है।**



एक बार बालक मोहनदास ने अपने नौकर की जेब से कुछ रुपये चुराये थे। अपनी इस हरकत पर उन्हें बहुत पछतावा हुआ। उन्होंने मन में तय किया 'अब मैं चोरी नहीं करूँगा', लेकिन वे अपनी बात निभा न पाये।

गांधीजी जब पंद्रह साल के थे तब उनके भाई कुसंग में पड़कर किसीके कर्ज़दार हो गये। उनके भाई बाजूबंद पहनते थे। उसमें एक सोने का तावीज़ बंधा हुआ था। उन दोनों ने उस तावीज़ में से थोड़ा-सा सोना काट लिया और उसे बेच दिया। उससे मिली रकम से कर्ज़ के पच्चीस रुपये चुका दिये। कर्ज़ का भार तो उतर गया लेकिन गांधीजी के ऊपर पाप बोध का भार चढ़ गया। वे बार-बार मन को समझाते कि आगे चोरी नहीं करेंगे, किंतु जो पाप हो चुका था वह उनको दिन-रात कचोटता रहता।

गांधीजी ने तय किया कि वे पिताजी को अपना अपराध बता देंगे लेकिन उनकी हिम्मत न पड़ी। उन्हें भय था कि चोरी करने की बात से पिताजी को तकलीफ़ होगी। फिर भी उन्होंने एक कागज़ पर सारी बातें लिखकर काँपते हाथों से उसे पिताजी को पकड़ा दिया। गांधीजी ने पत्र में अपना अपराध स्वीकार किया था और लिखा था कि उस कार्य के लिए उन्हें सज़ा मिलनी चाहिए। पत्र में उन्होंने वचन दिया था कि अब वे कभी चोरी नहीं करेंगे।

©KTBS Not to be republished

पिताजी ने जब पत्र पढ़ा उनकी आँखों से आँसू टपकने लगे। उन्होंने पत्र फाड़ डाला और वे लेट गये। गांधीजी छिपकर यह सब देख रहे थे। वे भी रोने लगे। पिताजी के प्रेम के उन आँसुओं ने उनका सारा कलुष धो डाला। उन्होंने सोचा था पिताजी नाराज़ हो जाएँगे, उनको बुरा-भला करेंगे, लेकिन आश्चर्य कि वे बिल्कुल शांत रहे। गांधीजी ने समझ लिया कि यह उनकी गलती स्वीकार करने का फल है।



याद रखो ''गलती को स्वीकार करना शुद्ध प्रायश्चित्त होता है।''

****

**जानो:**

हरकत-शरारत, बुरा काम; तय-निश्चय, निभाना-निर्वाह करना, पूरा करना; कुसंग-बुरा साथ, बाजूबंद - बाँह पर पहननेवाला एक गहना, चुकाना - अदा करना, बोध-ज्ञान, समझ; कचोटना-चुभना, गड़ना ; हिम्मत-साहस, तकलीफ-कष्ट, दुख; कलुष-मैल, प्रायश्चित्त-पाप का शुद्धीकरण।

**अभ्यास**

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखो:**

१) एक बार बालक मोहनदास ने क्या किया था?

२) मोहनदास ने मन में क्या तय किया?

३) उनके भाई क्यों कर्ज़दार हो गये थे?

४) गांधीजी ने पत्र में कौन-सा वचन दिया था?

५) पिताजी के प्रेम का परिणाम क्या हुआ?

६) इस कहानी से कौन-सी सीख मिलती है?

©KTBS Not to be republished

**II. वाक्य में प्रयोग करो:**

१) पछतावा होना

२) तय करना

३) दिन-रात

४) तकलीफ

५) आश्चर्य

**III. शब्दों को सही ढंग से लिखो:**

१) ताछवाप [ ]

२) बंबादजू [ ]

३) अधपरा [ ]

४) कलीफत [ ]

५) पकटना [ ]

**IV. अन्य लिंग शब्द लिखो:**

१) पिताजी - _____

२) नौकर - _____

३) भाई - _____

४) _____ - अध्यापिका

५) _____ - स्त्री

©KTBS Not to be republished

**V. भारत देश में महात्मा गांधीजी जैसे अनेक महान् देशभक्त पैदा हुए। डॉ.बी.आर. अंबेडकर भी उनमें से एक हैं।**

**अब बताओ अंबेडकर जी के बारे में तुम कितना जानते हो:**

१) उनका जन्म दिन ______________________

२) उनका जन्म स्थान ______________________


३) उनके पिताजी का नाम ______________________

४) उनकी माताजी का नाम ______________________

५) अंबेडकर जी इस प्रसिद्ध नाम से जाने जाते हैं ______________

**पाठ से आगे-**

* पुस्तकालय जाकर गांधीजी की छोटी-छोटी कहानियाँ पढ़ो।
* भारत के स्वतंत्रता सेनानियों का चित्र इकट्ठा करो और एक अल्बम बनाओ।



©KTBS Not to be republished

पाठ ३

# नागप्पा का शंख

**आशय : छात्रों को जानकारी मिलती है कि चतुराई से अधिकतर समस्याओं का समाधान निकाल सकते हैं।**

चार चोर थे। वे सेंधमारी में प्रवीण थे। एक रात वे एक पंडित के घर में सेंधमारी करने के लिए चले। वे चारों घर के पीछे से सेंध लगाने लगे। हथौड़े व कीलें ठोकने की आवाज़ सुनकर पंडिताइन की आँख खुल गयी। उसने अपने पति नागप्पा को जगाया।

नागप्पा हड़बड़ाकर उठा। पूछा, ''क्या बात है?''

''धीरे बोलो! सुनो ! कोई दीवार में सेंध मार रहा है।''

नागप्पा ने ध्यान से सुना। फिर गर्दन हिलाकर बोला, ''यह सही है। सेंधमार ही है।''

वह सोचने लगा। फिर उसने कहा कि वह ज़रा भी न घबराए। यदि उसकी चीख सुने तो भागकर आए और चिल्लाए ताकि पड़ोसी जाग जाए।

नागप्पा की पत्नी कृष्णा ने सिर हिला दिया।



©KTBS Not to be republished

नागप्पा ने एक थैला लिया। अपने बालों और मूँछों को अस्त-व्यस्त किया। बाहर आया।

उसका शक सही निकला। वह निड़र होकर उन चार सेंधमारों के नज़दीक गया।

सेंधमार चौंक पड़े। वे कुछ कहते इसके पहले ही नागप्पा ने कहा, ''भाइयो, मैं स्वयं सेंधमार हूँ। मुझसे डरने की कोई ज़रूरत नहीं।''

एक ने कहा, ''फिर तो अच्छी बात है।''

नागप्पा हँसा। बोला, ''खाक अच्छी बात है। अरे पागलो, यह तो एक दरिद्र नारायण नागप्पा का मकान है। पंडित के पास तो कुछ भी नहीं है। यजमानी करके येन - केन - प्रकारेण अपना पेट पालता है। चलो, ज़मींदार के घर चलें। वहाँ खूब माल है। सेंधमारों को नागप्पा की बात ठीक लगी। वे ज़मींदार की हवेली गये। सेंधमारों ने उसे समझाया कि पहले तुम हवेली में जाओ। तुम्हें हवेली के चप्पे - चप्पे का पता है। फिर दरवाज़ा खोल देना। हम भीतर आ जाएँगे।



नागप्पा ने इनकार नहीं किया। यदि वह इनकार करता तो संदेह हो जाता उन सेंधमारों को। उसे एक छोटी दीवार से हवेली में कुदा दिया गया।

नागप्पा हवेली में इधर-उधर घूमने लगा। क्या ठाठ-बाट थे, क्या सम्पदा थी। कुछ समय बाद वह अपने थैले में से शंख निकालकर बजाने लगा। वह शंख बजाता गया और बाहर की ओर भागता गया। दरवाज़ा खोल दिया।

©KTBS Not to be republished

इधर जमींदार के लठैत जागे और उधर सेंधमार भीतर घुसे।

जमींदार के आदमियों ने उन्हें पकड़ लिया।

नागप्पा को देखकर जमींदार ने पूछा, ''नागप्पा तू ?''

नागप्पा ने सारी बात बता दी।

जमींदार उसके बुद्धि - कौशल से बड़ा ही प्रसन्न हुआ और उसे धन दिया।

****

**जानो :**

सेंधमारी - चोरी करने के लिये दीवार तोड़कर बनाया हुआ छेद जिसमें से होकर चोर घर में घुसता है, प्रवीण - किसी कार्य में विशेष रूप से निपुण , अस्त-व्यस्त - अव्यवस्थित या उल्टा-पुल्टा , शक - संदेह, शंका ; निड़र - साहसी, निर्भय; दरिद्र - गरीब, निर्धन; यजमानी - यज्ञ, धार्मिक कार्य ; येन-केन-प्रकारेण - किसी-न-किसी प्रकार, चप्पा-चप्पा - हर जगह , सम्पदा - धन, दौलत, ऐश्वर्य।

**अभ्यास**

**I. कहानी से :**

१) घर में कितने चोर आए थे?

______________________________

२) पंडिताइन की आँख क्यों खुल गई?

______________________________

३) नागप्पा की पत्नी का नाम क्या था?

______________________________

©KTBS Not to be republished

४) सेंधमार और नागप्पा कहाँ जाने का निर्णय लेते हैं ?

___________________________________________

५) सेंधमार किसके घर में चोरी करने आते हैं ?

___________________________________________

६) नागप्पा ने थैले में से क्या निकाला ?

___________________________________________

७) नागप्पा के बुद्धि-कौशल से प्रसन्न होकर ज़मींदार ने उसे क्या दिया?

___________________________________________

**II. सही या गलत :**

१) आठ चोर थे । (✗)

२) चोर घर के आगे से सेंध लगाने लगे। (      )

३) पंडिताइन ने अपने पति को नहीं उठाया। (      )

४) नागप्पा ने अपने बालों और मूँछों को अस्त-व्यस्त किया। (      )

५) नागप्पा को हवेली के चप्पे-चप्पे का पता नहीं था। (      )

६) नागप्पा ज़मींदार का भी पंडित था। (      )

७) नागप्पा अपने थैले में से शंख निकालकर बजाने लगा। (      )

**III. सही शब्द चुनो और रिक्त स्थान की पूर्ति करो:**

१) वे चोर घर के पीछे से __________ लगाने लगे। (सेंध / सुराख)

२) हथौड़े व कीलें ठोंकने की आवाज़ सुनकर __________ की आँख खुल गई। (पंडित / पंडिताइन)

©KTBS Not to be republished

३) धीरे बोलो, सुनो, कोई __________ में सेंध मार रहा है।

(दीवार / द्वार)

४) नागप्पा ने एक __________ लिया। (कपड़ा / थैला)

५) यह तो एक __________ नारायण नागप्पा का मकान है।

(दरिद्र/धनी)

६) सेंधमारों को नागप्पा की बात __________लगी। (गलत/सही)

**IV. सही जोड़े मिलाओ :-**

| | |
|---|---|
| नागप्पा → पंडित | शंख |
| पंडिताइन | पंडित |
| थैला | हवेली |
| ज़मींदार | कृष्णा |

**V. कौन क्या है ?**

शंख, तबला, दीवार, खिड़की, ढोलक, सेंधमार, डकैत, मकान, हवेली, मुरली, लुटेरा, दरवाज़ा, समुद्री डाकू, हारमोनियम

**इन शब्दों के अर्थ समझो और उन्हें सही स्तंभ में लिखो:**

| बाजा | आवास | चोरी |
|---|---|---|
| | | |

©KTBS Not to be republished

**पाठ से आगे-**

## ✻ अपनी कल्पना से :

नागप्पा ने अपनी बुद्धि - कौशल से सेंधमारों को पकड़वाया । अगर तुम नागप्पा की जगह होते तो क्या करते ?

मैं ________________________

________________________

________________________ ।

## ✻ नया शीर्षक :

अगर तुम्हें इस कहानी का नाम बदलने को कहें, तो तुम इसे क्या नाम दोगे?

१) ____________________

२) ____________________


३) ____________________



©KTBS Not to be republished


# पाठ ४ परछाईं

**आशय : अच्छा फल पाने के लिए हमेशा सोच-समझकर काम करना चाहिए।**



सुनो सुनाता हूँ एक कहानी
कुत्ते ने की क्या नादानी
रास्ते में पड़ी एक रोटी पाकर
नदी तीर पर पहुँचा जाकर।

जल में देखा अपना साया
सारी शेखी अपनी भूल गया
समझा दूसरा कुत्ता उसको
आया लिए मुँह में रोटी को।



समझा अपने मन उसने
आया मेरी रोटी छीनने।
सोचा उसको मार भगाऊँ
फिर सुख से मैं रोटी खाऊँ।

लगा भौंकने आ शेखी में
रोटी मुँह से गिरी नदी में।
बिना सोचे काम जो करते हैं
वे ऐसा ही फल चखते हैं।।

****

©KTBS Not to be republished

## कविता-सार

इस कविता में कवि हमें एक कुत्ते की कहानी सुना रहे हैं। इसमें हमारे लिए एक सीख है। इसलिए यह एक नीतिपरक कविता है।

एक कुत्ते को रास्ते पर पड़ी एक रोटी मिलती है। रोटी को मुँह में पकड़े वह पास के नदी किनारे जाता है। पानी में अपनी परछाईं देख उसे दूसरा कुत्ता समझता है। सोचता है कि वह अपनी रोटी छीनने आया है। उसे भगाने के लिए भौंकता है। रोटी पानी में गिरकर दूर बह जाती है।

हमें ठीक सोचे बिना कोई काम नहीं करना चाहिए।

**जानो :**

परछाईं - साया, छाया; नादानी - मासूमियत, तीर-किनारा, शेखी - (रोटी मिलने का) घमंड, शान।

## अभ्यास

**I. कविता में ढूँढो :**

१) कुत्ते को क्या मिला ?

___

२) उसे लेकर वह कहाँ गया ?

___

३) नदी के पानी में उसने क्या देखा ?

___

©KTBS Not to be republished

४) परछाई को उसने क्या समझा ?

_______________________________

५) कुत्ता क्यों भौंका ?

_______________________________

६) उसका नतीजा क्या हुआ ?

_______________________________

**II. 'बिना सोचे - समझे हमें कोई काम नहीं करना चाहिए' इस बात को याद रखो। इससे संबंधित एक छोटी-सी कहानी कक्षा में सुनाओ।**

**III. बेमेल शब्द पहचानो और लिखो :**

१. कहानी, नदी, रोटी, रास्ता ___________

२. साया, गया, आया, शेखी ___________

३. हूँ, मुँह, पहुँचा, मैं ___________

**IV. उदाहरण के अनुसार तुकवाले शब्द लिखो :**

उदा : कहानी-नादानी

१. पाकर - ___________

२. भगाऊँ - ___________

३. करते - ___________

©KTBS Not to be republished

**V. पूर्ण करो:**

लगा ______________________

______________________ नदी में।

बिना __________ काम ________

___________ फल __________।।

**VI. इन शब्दों को पढ़ो और लिखो:**

१) हूँ ____________ ____________

२) पहुँचा ____________ ____________


३) मुँह ____________ ____________

४) भगाऊँ ____________ ____________

५) खाऊँ ____________ ____________

**कविता से आगे-**

**'टोपीवाला और बंदर' कहानी पढ़ो और कक्षा में सुनाओ ।**



©KTBS Not to be republished

पाठ ५

# घमंडी दीपक

**आशय : घमंड हर चीज़ को पतन की ओर ले जाता है। घमंड आने से स्वयं का व्यक्तित्व नष्ट हो जाता है।**

एक घर में एक पुराने ज़माने का दीया था। वह देखने में बड़ा ही सुंदर था। रोज़ शाम को भगवान के सामने उस दीपक को जलाया जाता था। जो कोई उसे देखता, उसकी प्रशंसा करता।

जैसे - जैसे दिन बीतते गए, दीये में अहंकार पनपने लगा। वह सोचने लगा - ''मैं सूर्य - चंद्र से भी अधिक महान हूँ। क्योंकि सूरज तो केवल दिन में प्रकाश देता है। चाँद भी केवल बाहर के अँधेरे को दूर कर पाता है। घर के अँधेरे को तो मैं ही दूर करता हूँ। घर का हर कोना मुझसे ही रोशन होता है।''

वह यह भी सोचने लगा - ''मैं इतना महान हूँ कि हर दिन भगवान के सामने मुझे जलाया जाता है। हर समारोह का श्रीगणेश मुझे प्रज्वलित करके ही होता है।

कुछ दिन बाद दीपावली का त्योहार आया, हर घर के आँगन में दीप जलाए गए। दीपक का अभिमान यह सोचकर और भी बढ़ गया कि उसके नाम का तो त्योहार भी मनाया जाता है।

दिन पर दिन उसका घमंड बढ़ता ही जा रहा था। हवा, दीये में होनेवाले इस बदलाव को देख रही थी। उसको दीपक का घमंडी भाव पसंद न आया। उसने सोचा कि दीये को सबक सिखाना है। वह सही अवसर की प्रतीक्षा करने लगी।

©KTBS Not to be republished



एक दिन दीये को जलाकर देहरी पर रखा गया था। दीपक घमंड से इतराते हुए चाँद की ओर सिर ऊँचा करके देखने लगा। तभी हवा का हल्का झोंका लगा और दीया सिर नीचा करके बुझ गया। उसके माथे पर धुएँ की काली रेखा बन गई।

तभी हवा रुकी और दीये से बोली - दीपक भाई, आजकल मैं देख रही थी कि तुम कुछ ज्यादा अहंकारी हो रहे थे। अपनी तुलना सूरज और चाँद से करने लगे थे। पर देखो तो, रवि-शशि का प्रकाश आँधी-तूफ़ान से भी नहीं मिट पाता और तुम मेरे एक हल्के झोंके से ही मिट गए और तुम्हारे माथे पर कलंक भी लग गया।

हवा की ये बातें सुनकर दीपक शर्मिंदा हुआ और बोला कि आगे से वह कभी भी घमंड नहीं करेगा।

****

**जानो :**

घमंडी - अहंकारी, रोशन - प्रकाश, श्रीगणेश होना - प्रारंभ होना, प्रतीक्षा - इंतज़ार, शर्मिंदा - लज्जित, देहरी - दहलीज, इतराना - घमंड करना ।

**I. कहानी से:**

१. भगवान के सामने हर रोज़ क्या जलाया जाता था ?

______________________________________

२. लोग किसकी प्रशंसा करते थे ?

______________________________________

©KTBS Not to be republished

३. दीया अपनी तुलना किससे करने लगा था ?

________________________________________

४. हर समारोह के आरंभ में क्या करते हैं ?

________________________________________

५. दीपों का त्योहार किसे कहते हैं ?

________________________________________


६. दीये को किसने सबक सिखाया ?

________________________________________

७. इस कहानी से हमें क्या सीख मिलती है ?

________________________________________

**II. नीचे दी गई वस्तुएँ रोशनी देनेवाली हैं। इनके नाम लिखो:**



| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ______ | ______ | ______ | ______ | ______ | ______ |

**III. लिखो :**

दीपों का त्योहार (दीपावली)

रंगों का त्योहार ( )

भाई-बहन का त्योहार ( )

©KTBS Not to be republished

**IV. बताओ, इन्हें और क्या कहते हैं ?**

दीया → दीप, ___

घमंड → अहंकार, ___

सूरज → ___, ___

चाँद → ___, ___

**V. बोलो :**

दीपावली त्योहार कैसे मनाया जाता है ?

**VI. दीपावली त्योहार के बारे में चित्रों का संग्रह करो।**

**VII. आपको कौन-सा त्योहार अधिक पसंद है? चित्र सहित पाँच वाक्य लिखोः**

१. ______________________________

२. ______________________________

©KTBS Not to be republished

३. ____________________

४. ____________________

५. ____________________

**पाठ से आगे-**

**चार विभिन्न आकार के दीपों का चित्र बनाओ:**


१.

२.

३.

४.

©KTBS
Not to be republished



पाठ ६

# स्वतंत्रता दिवस

**आशय : स्वतंत्रता दिवस के आयोजन की महत्ता का परिचय मिलता है ।**



हर रोज़ की तरह आज भी सुबह विद्यालय में प्रार्थना हुई। उसके फ़ौरन बाद प्रधानाचार्यजी ने पूछा :

''बच्चो ! यह अगस्त का महीना है। इस महीने में मनाया जानेवाला राष्ट्रीय त्योहार कौन-सा है? याद है न ?

**सभी छात्र :** जी हाँ। हमें याद है। स्वतंत्रता दिवस।

**प्रधानाचार्य :** स्वतंत्रता दिवस का क्या अर्थ है ?

**गोपी :** हमारा देश उस दिन स्वतंत्र हुआ।

© Not to be republished

**मोहन** : इसका क्या मतलब है, सर ?

**प्रधानाचार्य** : उस दिन हमारा देश सदियों की गुलामी के बाद स्वतंत्र हुआ था। वह दिन था १५ अगस्त १९४७। इसीलिए हम १५ अगस्त को प्रतिवर्ष स्वतंत्रता दिवस के रूप में बड़ी धूमधाम से मनाते हैं।

**आमीर** : जी सर ! हम भी स्वातंत्र्योत्सव धूमधाम से मनायेंगे।

**सभी** : (उमंग से) जी हाँ सर !

**प्रधानाचार्य** : उसके लिये क्या-क्या तैयारियाँ करनी हैं ?

**दीपिका** : सर, हम अपनी स्कूल को सजायेंगे, सँवारेंगे। आँगन को साफ़-सुथरा करेंगे और रंगबिरंगे कागज़ों से बंदनवार बनाकर सजायेंगे।

**हरीश** : ध्वज स्तंभ को भी सजायेंगे। प्रियांका सुंदर रंगोली रचेगी।

१५ अगस्त का दिन आया। सभी बच्चे सवेरे ही उठकर स्नान करके यूनिफार्म पहनकर स्कूल आये। सभी अध्यापक भी आये। प्रधानाचार्य पंचायत अध्यक्ष के साथ पधारे।

ध्वजस्तंभ के सामने शारीरिक शिक्षा के अध्यापक श्री पवार जी की सूचना के अनुसार सभी बच्चे कतारें बनाकर खड़े रहे।

पंचायत के अध्यक्ष जी ने ध्वजारोहण किया। एक साथ सबने झंडा वंदन किया और राष्ट्रगान गाया। तिरंगा सुबह की हवा में शान से लहराने लगा।

पंचायत के अध्यक्ष जी ने स्वतंत्रता का महत्व बताया। कहा कि हमें संकल्प करना है कि हम अपनी आज़ादी पर आँच न आने देंगे।

भाषण की समाप्ति के बाद अध्यक्ष जी ने तीन बार 'जय हिंद' का नारा लगाया और बच्चों ने दुहराया। उससे चारों दिशाएँ गूँजायमान हो गयीं।

**''स्वतंत्रता को बचाये रखना हमारा कर्तव्य है।''**

****

©KTBS Not to be republished

**समझो :**

फ़ौरन - तुरंत, सदी - सौ वर्ष, गुलामी - पराधीनता, दासत्व; पधारे - आये, संकल्प - कोई काम करने का पक्का इरादा, आँच न आने देना - कुछ हानि न होने देना, गूँजायमान - प्रतिध्वनित।

**अभ्यास**

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखो :**

१) प्रधानाचार्यजी ने बच्चों से क्या पूछा ?

_______________

२) अगस्त के महीने में कौन-सा राष्ट्रीय त्योहार मनाया जाता है?

_______________

३) प्रियांका क्या करेगी ?

_______________

४) बच्चे ध्वजस्तंभ के सामने किस तरह खड़े रहे ?

_______________

५) ध्वजारोहण किसने किया ?

_______________

**II. इन्हें सस्वर पढ़ो :**

स्वतंत्रता, फ़ौरन, प्रधानाचार्य, राष्ट्रीय त्योहार, धूम-धाम, बंदनवार, ध्वजस्तंभ, आज़ादी, संकल्प, गूँजायमान

©KTBS Not to be republished

**III. पढ़कर अंतर समझो :**

| **एक (एकवचन)** | **अनेक (बहुवचन)** |
|---|---|
| बच्चा | बच्चे |
| महीना | महीने |
| कतार | कतारें |
| दिशा | दिशाएँ |

**IV. रेखांकित शब्दों का विलोम शब्द लिखोः**

१) आज भी सुबह प्रार्थना हुई।

२) जी हाँ। हमें याद है।

३) आँगन को साफ करेंगे।

४) ध्वजस्तंभ के सामने रंगोली रचेगी ।

५) हम अपनी आज़ादी पर आँच न आने देंगे।

**V. रिक्त स्थान भरोः**

१) हर _________ की तरह विद्‌यालय में प्रार्थना हुई ।

२) हमारा देश सदियों की _________ के बाद स्वतंत्र हुआ।

३) प्रतिवर्ष स्वतंत्रता दिवस बड़ी _________ से मनाते हैं।

४) हम अपनी स्कूल को सजायेंगे, _________।

५) _________ के अध्यक्ष जी ने स्वतंत्रता का महत्व बताया।

©KTBS Not to be republished

**VI. 'स्वतंत्रता दिवस' हमारा राष्ट्रीय त्योहार है। अन्य राष्ट्रीय त्योहारों की सूची बनाओ, उनको मनाने के दिनांक लिखो:**

| | राष्ट्रीय त्योहार | दिन |
|---|---|---|
| १. | स्वतंत्रता दिवस | १५ अगस्त |
| २. | ____________ | ____________ |
| ३. | ____________ | ____________ |
| ४. | ____________ | ____________ |
| ५. | ____________ | ____________ |


**पाठ से आगे -**

**शब्द खेल :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 रं | गा | | 3 |
| | | | 4 | ल |
| 5 हो | | | रू | |
| | | 6 | | 7 त |
| | | | | |

©KTBS
Not to be republished

| बायें से दायें |
|---|
| 1. हमारा राष्ट्रध्वज |
| 4. पानी |
| 5. रंगों का त्योहार |
| 6. हमारा देश |
| **ऊपर से नीचे** |
| 2. ध्वजस्तंभ के सामने प्रियांका ने सजाया |
| 3. ताकत |
| 4. अवश्य |
| 6. वज़न |
| 7. शरीर |



©KTBS Not to be republished

पाठ ७

# कुसंगति से बचें

- श्रीनिवास के. पंचारिया

**आशय : दुष्टों की कुसंगति से दूर रहने की सीख मिलती है।**

पुराने ज़माने की बात है। एक राज्य में एक राजा था। किसी कारण से वह अन्य गाँव जाना चाहता था। एक दिन वह अपने धनुष-बाण सहित पैदल ही चल पड़ा। चलते-चलते राजा थक गया। अतः वह रास्ते में ही एक विशाल पेड़ के नीचे बैठ गया। राजा अपने धनुष-बाण बगल में रखकर अपना उत्तरीय ओढ़कर सो गया। थोड़ी ही देर में उसे गहरी नींद आ गयी।



उसी पेड़ की डाली पर एक कौआ बैठा हुआ था। उसने नीचे सोये राजा पर बीट कर दी। बीट से राजा का उत्तरीय गंदा हो गया । राजा खर्राटे ले रहा था। उसे पता नहीं चला कि उसका उत्तरीय कैसे खराब हो गया है।

कुछ समय के पश्चात् कौआ वहाँ से उड़ कर चला गया और थोड़ी - देर में एक हंस उड़ता हुआ आया। हंस उसी डाली पर और उसी जगह पर बैठा,

©KTBS Not to be republished



जहाँ पहले वहाँ कौआ बैठा हुआ था। राजा की नींद खुली तो उठते ही उसने अपना उत्तरीय देखा। राजा स्वभाव से बड़ा क्रोधी था। उसकी नज़र ऊपरवाली डाली पर गई, जहाँ हंस बैठा हुआ था। राजा ने समझा कि यह सब इसी हंस की ओछी हरकत है। इसीने मेरा उत्तरीय गंदा किया है।

क्रोधी राजा ने आव देखा न ताव, ऊपर बैठे हंस पर बाण चला कर उसे घायल कर दिया। हंस बेचारा घायल होकर नीचे गिर पड़ा और तड़पने लगा। वह तड़पते हुए राजा से कहने लगा - "हे राजन् ! मैंने ऐसा कौन-सा अपराध किया, जिससे तुम ने मुझे अपने तीखे बाणों का निशाना बनाया है? मैं तो निर्मल जल में रहनेवाला पक्षी हूँ। ईश्वर की कैसी लीला ! सिर्फ एक बार कौए जैसे दुष्ट पक्षी की जगह पर बैठने मात्र से ही व्यर्थ में मेरे प्राण जा रहे हैं, तो फिर दुष्टों का सहवास करनेवालों का क्या हाल होता होगा ?"

हंस ने प्राण छोड़ने से पूर्व कहा - 'राजन्! दुष्टों की संगति नहीं करना क्योंकि उनकी संगति का फल भी ऐसा ही होता है।' राजा को अपने अपराध का बोध हो गया।

****

**समझो:**

अन्य - अलग (दूसरा), विशाल - बड़ा, बगल में - बाजू में, उत्तरीय - कपड़े के ऊपर ओढ़नेवाला कपड़ा, बीट - पक्षियों का मल, खर्राटे - नींद में नाक या मुँह से आनेवाली आवाज, पश्चात् - बाद में, ओछी - खराब (तुच्छ), निर्मल - पवित्र, लीला - खेल, व्यर्थ - फालतू, बेकार; सहवास - संगति, फल - परिणाम, बोध - ज्ञान।

©KTBS Not to be republished

## अभ्यास

**I. ध्यान में रहे :**

हिंदी में कुछ शब्द नित्य बहुवचन होते हैं याने हमेशा बहुवचन रूप में ही प्रयुक्त होते हैं, जैसे - प्राण, केश, बाल, दर्शन, हस्ताक्षर आदि।

**II. मौखिक - पहले, लिखो - बाद में :**

१) राजा कहाँ जाना चाहता था ?

______________________________

२) पेड़ की डाली पर क्या था ?

______________________________

३) राजा का स्वभाव कैसा था ?

______________________________

४) राजा को अपनी गलती का बोध कैसे हुआ?

______________________________

**III. खाली जगह भरो :**

१) चलते - चलते राजा __________ गया।

२) राजा __________ ले रहा था।

३) राजा __________ से बड़ा क्रोधी था।

४) __________ की कैसी लीला!

©KTBS Not to be republished

**IV. लिखित :**

१) राजा कहाँ और क्यों बैठ गया ?

_______________________________________________

२) राजा का उत्तरीय गंदा क्यों हुआ ?

_______________________________________________

३) राजा ने हंस पर बाण क्यों चलाया ?

_______________________________________________

४) दुष्ट की संगति का क्या परिणाम हुआ ?

_______________________________________________

**V. इन में से बेमेल शब्द ढूँढो और लिखो :**

**जैसे - राजा, महाराजा, चक्रवर्ती, भिखारी** **भिखारी**

१) आम, केला, अंगूर, पेड़ा ____________

२) गाय, बैल, मोर, भैंस ____________

३) ऊँट, कौआ, हाथी, कुत्ता ____________

४) एक, सौ, हाथ, तीन ____________

**VI. ''र'' के तीन रूप होते हैं :**

१) जैसे - खरटि, सिर्फ, व्यर्थ, अर्थात्

२) जैसे - क्रोध, प्रेम, चक्र, प्राण

३) जैसे - राष्ट्र, ड्रामा, ट्रक, ट्रंक

©KTBS Not to be republished

**VII. सही वर्तनी लिखो:**

१) निमल ________ २) दशन ________

३) पाणी ________ ४) कोध ________

५) डम ________

**VIII. इनका चित्र बनाओ और रंग भरो:**

१) कौआ

२) मोर

३) हंस

४) मुर्गा

५) बत्तख

**पाठ से आगे -**

* ऐसी ही और कहानियाँ ढूँढ़ो और पढ़ो।
* कक्षा में 'कुसंगति का फल' कहानी सुनाओ।


©KTBS Not to be republished

पाठ ८

# सीखो

- श्रीनाथ सिंह

**आशय : हर वस्तु से सीख प्राप्त करना, जीवन को सुंदर बनाने की प्रथम सीढ़ी है।**



फूलों से नित हँसना सीखो,
भौरों से नित गाना।

तरु की झुकी डालियों से,
नित सीखो शीश झुकाना।
सीख हवा के झोंकों से लो,
कोमल भाव बहाना।
दूध और पानी से सीखो,
मिलना और मिलाना।

सूरज की किरणों से सीखो,
जगना और जगाना।
लता और पेड़ों से सीखो,
सब को गले लगाना।
और धुएँ से सीखो हरदम,
ऊँचाई पर चढ़ना।

****

© KTBS Not to be republished

## कविता-सार

प्रस्तुत कविता में कवि ने संकेत किया है कि इस संसार के प्रत्येक वस्तु से अवश्य कुछ-न-कुछ सीखने को मिलता है। फूलों से, भौरों से, तरु की डालियों से, हवा के झोंकों से, दूध और पानी से सूरज की किरणों से तथा धुएँ आदि से मनुष्य को संसार में कैसा व्यवहार करना चाहिए यह सीख मिलती है।

**जानो :**

नित - हमेशा, सदा; तरु -पेड, वृक्ष; कोमल भाव - मृदु भाव, मधुर भाव; लता-बेल, जगना-जागृत होना, सचेत ; गले लगाना-प्यार करना, शीश - सिर, शीश झुकाना - विनम्र रहना।

## अभ्यास

**I. बताओः**

१) लता और पेड़ों से क्या सीख मिलती है?

२) शीश झुकाना हम किससे सीख सकते हैं?

३) दूध और पानी से क्या सीख मिलती है?

४) धुएँ से हमें कौन-सी सीख मिलती है?

५) सूरज की किरणें हमें क्या सिखाती हैं?

**II. उदाहरण के अनुसार लिखोः**

**जैसे : सीखना - सिखाना**

१) झुकना - ___________

२) बहना - ___________

©KTBS Not to be republished

३) मिलना - ____________

४) जगना - ____________

५) चढ़ना - ____________

**III. वाक्यों में प्रयोग करो:**

१) शीश झुकाना : ________________________________________

________________________________________________ ।

२) कोमल भाव : ________________________________________

________________________________________________ ।

३) गले लगाना : ________________________________________

________________________________________________ ।

**IV. घर में हम सबके साथ मिलकर रहते हैं। अब तुम बताओ कि घर में इनसे क्या सीखते हो:**

१) पिताजी से ________________________________________

२) माताजी से ________________________________________

३) बड़े भाई से ________________________________________

४) छोटी बहन से ________________________________________

©KTBS Not to be republished

**V. रिक्त स्थान भरो :**

१) फूलों से नित _________ सीखो।

२) हवा के झोंकों से _________ बहाना।

३) मिलना और मिलाना दूध और _________ से सीखो।

४) धुएँ से सीखो _________ पर चढ़ना।

५) सूरज की किरणों से _________ और जगाना सीखो।

६) भौरों से सीखो नित _________।

**VI. चित्र बनाओ:**

१) भौंरा _________


२) फूल _________

३) पेड़ _________

४) सूर्योदय _________

**कविता से आगे-**

✻ ऐसी ही एक अन्य कविता कक्षा में सुनाओ और साथियों को अर्थ समझाओ।



©KTBS Not to be republished

# पाठ ९ करामाती ऐनक

**आशय : पढ़ाई के प्रति प्रेरणा जगाना। पढ़ाई के बिना मनुष्य को लज्जित होना पड़ता है इस ओर संकेत मिलता है।**



होरी एक अनपढ़ गँवार था, अर्थात् वह लिखना-पढ़ना नहीं जानता था। वैसे उसके माँ-बाप ने उसे स्कूल में भेजा था पर होरी को सीखने की बिल्कुल भी इच्छा नहीं थी। इसलिए वह कोरा ही रह गया।

एक दिन होरी ने डाकिये को देखा जो खत के पते को पढ़ने से पहले अपनी जेब से ऐनक निकाली और पहनी। बाद में भी उसने बहुत सारे लोगों को ऐसा करते देखा। स्कूल के मास्टर जी, गाँव के सरपंच, और पंसारी सब के सब ऐनक पहनते और किताब या अखबार पढ़ते।

**''वाह ! कैसी करामात है !''** होरी ने सोचा ''ऐनक इन्हें जो चाहे पढ़ने के लिए समर्थ बना देती है!'' उसी पल होरी ने तय किया कि अगली बार जब वह शहर जायेगा तो ऐनक ज़रूर खरीदेगा।

**''मैं भी पढ़ सकूँगा''** बड़ी खुशी से होरी ने अपने आप से कहा। कुछ दिन बाद कुछ बरतन खरीदने होरी शहर गया। वहाँ पास ही उसने एक चश्मे की दूकान देखी। होरी दूकान के अंदर गया।

©KTBS Not to be republished



**''पढ़ने के लिए कोई अच्छा सा चश्मा दिखाना'',** होरी ने शान से दूकानदार से कहा। दूकानदार ने होरी को कई ऐनक दिखाये और पढ़ने के लिए एक पुस्तक भी दी। बहुत प्रयत्न करने पर भी होरी एक अक्षर तक नहीं पढ़ सका।

**''ये सभी ऐनक बेकार हैं।''** पहने हुए ऐनक को टेबल पर पटकते हुए होरी चिल्लाया। मैं कुछ भी नहीं पढ़ पा रहा हूँ।

दूकानदार ने आशंका से होरी की ओर देखा। उसने देखा कि होरी ने पुस्तक को उल्टा पकड़ा है।

**''शायद तुम पढ़ना नहीं जानते''** उसने धीरे से कहा। ''बिल्कुल। मैं नहीं जानता। इसीलिए तो मैं ऐनक चाहता हूँ ताकि दूसरों की तरह, जिन्हें चश्मा लगाये मैंने पढ़ते देखा है, मैं भी पढ़ सकूँ।'' होरी ने निरीहता से कहा।

अपनी हँसी को दबाते दूकानदार बोला ''तुम तो बिल्कुल भोले हो। ऐनक तुम्हें पढ़ने में सहायता नहीं करती। वह तो तुम्हें ठीक देखने में मदद करती है। पहले तो तुम्हें पढ़ना सीखना होगा।'' और निराश हुए होरी की पीठ थप-थपायी।

****

**समझो :**

करामाती - चमत्कारी, ऐनक - चश्मा, गँवार-मूर्ख, कोरा-खाली, पंसारी - किराना बेचनेवाला, शान- सम्मान, आशंका-संदेह, निरीहता-उदासीनता, मदद - सहायता।

©KTBS Not to be republished

## अभ्यास

**I. सही जोड़े बनाओ :**

किराना बेचनेवाला | कुछ भी नहीं सीखना | पढ़ना-लिखना नहीं जाननेवाला

ऐनक | गँवार | कोरा

देहाती | चश्मा | पंसारी | अनपढ़

**II. बताओ - लिखो :**

१. होरी कैसा आदमी था ?

_______________________________

२. पढ़ने से पहले उसने किन-किन को ऐनक पहनते देखा?

_______________________________

३. होरी क्या समझ बैठा ?

_______________________________

४. उसने क्या करने का निश्चय किया ?

_______________________________

५. वह शहर क्यों गया ?

_______________________________

६. उसने वहाँ कौन-सी दूकान देखी ?

_______________________________

७. दूकानदार से उसने क्या दिखाने को कहा ?

_______________________________

©KTBS Not to be republished

८. ''ये सब ऐनक बेकार हैं'' - होरी ने ऐसा क्यों कहा ?

____________________________________________

९. दूकानदार ने कैसे समझा कि होरी अनपढ़ है ?

____________________________________________

१०. होरी को उसने क्या समझाया ?

____________________________________________

**III. जानो :**

''ऐनक पढ़ने के लिए समर्थ बनाती है।'' यह होरी की गलतफहमी थी।

**इनमें गलतफहमी है-(✓) या (×) चिह्न लगाओ :**

पढ़ाई किए बिना मैं परीक्षा पास कर सकता हूँ। ( )

अन्न में नमक ज्यादा हो तो खाया नहीं जाता । ( )

आज हम सिर्फ दिन के उजाले में ही क्रिकेट खेल सकते हैं। ( )

**IV. अंतर समझो और लिखो:**

| | एक (एकवचन) | अनेक (बहुवचन) |
|---|---|---|
| **जैसे :** | **खत** | **खतें** |
| | १. जेब | ________ |
| | २. किताब | ________ |
| | ३. अखबार | ________ |
| | ४. दूकान | ________ |
| | ५. पुस्तक | ________ |

©KTBS Not to be republished

**V. विलोम अर्थवाले शब्द चुनकर लिखो :**

(गाँव, कम, बेचना, सीधा, असमर्थ, गलत, दुख)

१. बहुत x ____________

२. समर्थ x ____________

३. शहर x ____________

४. खुशी x ____________

५. खरीदना x ____________

६. उल्टा x ____________

५. ठीक x ____________

**VI. वाक्य पूर्ण करो:**

१. होरी एक अनपढ़ ____________ था।

२. एक दिन होरी ने ____________ को देखा।

३. सबके सब ____________ पहनते और किताब पढ़ते।

४. ये सभी ऐनक ____________ हैं।

५. दूकानदार ने ____________ से होरी की ओर देखा।

**पाठ से आगे -**

**बूझो और बक्से में उसका चित्र बनाओ :**

'चढ़े नाक पर पकड़े कान', बोलो बोलो क्या है नाम ?

©KTBS Not to be republished

पाठ
१०

# दयावान सिद्धार्थ


**आशय : हिंसा के बदले अहिंसा को श्रेष्ठ सिद्ध करना। मानवीय गुणों की स्थापना करना।**

**(संध्या का समय, राजकुमार सिद्धार्थ राजमहल के सामने बगीचे में टहल रहा है। अचानक उसके सामने एक हंस पक्षी घायल होकर आ गिरता है। सिद्धार्थ उसे उठा लेता है।)**

**सिद्धार्थ** - ओह ! इस पक्षी को किसी ने मारा है; खून बह रहा है। मैं इसकी रक्षा करूँगा।

**(पक्षी को लेकर उसका घाव धोता है। उसे पानी पिलाता है। इतने में उसका चचेरा भाई देवदत्त वहाँ आता है। वह गुस्से में है। हाथ में तीर-कमान हैं।)**

**देवदत्त** - **(राजकुमार से)** ओह ! मेरा शिकार तुम्हारे पास है। मैं कितनी देर से ढूँढ़ रहा हूँ।



© KTBS Not to be republished

**सिद्धार्थ** - देवदत्त ! क्या तुमने इसे मारा है?

**देवदत्त** - हाँ! मैं ने ही इसे तीर से मार गिराया है।

**सिद्धार्थ** - भाई, तुमने अच्छा नहीं किया। निरपराध जीव को मारना धर्म नहीं। सब जीवों पर दया करना मनुष्य धर्म है।

**देवदत्त** - देखो भाई, मैं दया-धर्म आदि नहीं सोचता। यह पक्षी मेरा शिकार है। इसे मुझे दे दो। **(देवदत्त हंस को छीन लेने हाथ बढ़ाता है। हंस भय से कांपते हुए राजकुमार की गोद में दुबक जाता है।)**



**सिद्धार्थ** - **(हंस के शरीर पर प्यार से हाथ फेरते हुए)** देखो देवदत्त ! तुम्हारा कहना ठीक है। तुमने इस हंस को मारा है। लेकिन मैं ने तो इसकी जान बचायी है। इसलिए यह हंस मेरा है।

**देवदत्त** - **(क्रोध प्रकट करते हुए)** नहीं, यह मेरा ही है। मैं इसे लेकर ही रहूँगा। **(हंस को लेने आगे बढ़ता है। सिद्धार्थ पीछे हटता है।)**

**सिद्धार्थ** - मैं इसे तुम्हें नहीं दूँगा।

© KTBS Not to be republished

**देवदत्त** - तब मैं महाराज से शिकायत करूँगा।

**सिद्धार्थ** - ठीक है चलो, उन्हीं से पूछते हैं कि हंस पर किसका हक है। **(इतने में महाराज और मंत्री बातें करते हुए वहाँ आते हैं। बच्चों को देखकर पूछते हैं।)**

**महाराज** - क्या बात है बच्चो ? यहाँ क्या कर रहे हो ?

**मंत्री** - महाराज, लगता है कि दोनों में कोई झगड़ा चल रहा है।

**महाराज** - क्यों देवदत्त ? झगड़े का क्या कारण है ?

**सिद्धार्थ** - झगड़ा नहीं है, महाराज .............

**महाराज** - देवदत्त, तुम बोलो क्या बात है ?

**देवदत्त** - महाराज, राजकुमार मेरा शिकार नहीं दे रहे हैं। मैंने उसको तीर से मार गिराया है।

**महाराज** - सिद्धार्थ, क्या यह सच है ?

**सिद्धार्थ** - हाँ महाराज, यह हंस घायल होकर तड़प रहा था। मैंने उठाकर इसका घाव धोया और पानी पिलाया। अब हंस मेरा है। क्योंकि मैंने इसकी जान बचायी है।

**महाराज** - राजकुमार, क्या तुम मानते हो कि देवदत्त ने हंस का शिकार किया है?

**सिद्धार्थ** - जी हाँ, मानता हूँ।

**महाराज** - तब तो यह शिकार देवदत्त को मिलना चाहिए।

**मंत्री** - नहीं महाराज ! इस बात का निर्णय स्वयं हंस ही करेगा।

**महाराज** - वह कैसे?

©KTBS Not to be republished

**मंत्री** - ऐसे ! **(सिद्धार्थ के हाथ से हंस को अपने हाथ में लेकर)** देखो, मैं इसे नीचे छोड़ता हूँ। तुम दोनों उसे बुलाओ। जिसके पास आएगा, हंस उसका होगा।

**(दोनों कुमार मानते हैं।)**

**महाराज** - देवदत्त, जाओ, तुम हंस को बुलाओ, अगर वह तुम्हारी तरफ़ आया तो हंस ज़रूर तुम्हारा होगा।

**(यह सुनकर देवदत्त हाथ बढ़ाता है। लेकिन हंस डरकर पीछे हटते-हटते एकदम सिद्धार्थ की तरफ तेज़ी से चलने लगता है। उसी समय सिद्धार्थ हाथ बढ़ाता है। हंस को अपनी गोद में लेता है।)**

**मंत्री** - झगड़ा सुलझ गया। हंस को देवदत्त ने मारा था। लेकिन सिद्धार्थ ने बचाया था। इसलिए हंस उसके पास गया।

**महाराज** - सच है। मारनेवाले से बचानेवाला बड़ा होता है।

**(महाराज और मंत्री राजमहल की ओर चलते हैं। देवदत्त गुस्से में आकर बगीचे से बाहर निकलता है, सिद्धार्थ हंस की पीठ पर हाथ फेरते हुए बगीचे में टहलने लगता है।)**

****

**जानो :**

तड़पना - अत्यंत दुःखी होना, बाण - तीर, शर; गुस्सा - क्रोध, झगड़ा - लड़ाई, धर्म - कर्तव्य, बगीचा - छोटा बाग।

**अभ्यास**

**I. एक से ज्यादा - पढ़ो और लिखो :**

बच्चा - बच्चे

झगड़ा - झगड़े

©KTBS Not to be republished

बात - बातें

तोता - तोते

कुत्ता - कुत्ते

**II. खाली जगह में क्या आएगा ?**

(हंस, दया करना, मारना, बचानेवाला)

१) सब जीवों पर ___________ मनुष्य धर्म है।

२) मारनेवाले से ___________ बड़ा होता है।

३) निरपराध जीव को ___________ धर्म नहीं।

४) अब ___________ मेरा है।

**III. सोचो और लिखो :**

१) सिद्धार्थ कौन था ?

______________________________

२) देवदत्त कौन था?

______________________________

३) सिद्धार्थ ने किस को पानी पिलाया?

______________________________

४) गुस्से में कौन था ?

______________________________

©KTBS Not to be republished

५) किसने हंस की जान बचायी?

______________________________

६) शिकायत किसने की?

______________________________

७) हंस को किसने मारा था?

______________________________

८) हंस किसके पास गया? क्यों?

______________________________

**IV. पढ़ो और लिखो:**

**जैसे : गिरना - गिराना** **जैसे : थकना - थकावट**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1) उठना | - ________ | बनना | - ________ |
| 2) बढ़ना | - ________ | रुकना | - ________ |
| 3) हटना | - ________ | लिखना | - ________ |
| 4) बचना | - ________ | | |
| 5) करना | - ________ | | |

**V. वाक्यों का क्रम पहचानकर उनकी क्रम संख्या लिखो:**

| | |
|---|---|
| १) संध्या का समय है। | १ |
| २) हंस पक्षी सिद्धार्थ की गोद में जाता है। | |
| ३) देवदत्त कहता है कि पक्षी पर उसका हक है। | |
| ४) हंस पक्षी घायल होकर आ गिरता है। | २ |

©KTBS Not to be republished

५) इसका निर्णय स्वयं हंस पक्षी ही करता है। [ ]

६) सिद्‌धार्थ उसके घाव धोकर पानी पिलाता है। [ ]

७) देवदत्त हंस पक्षी का शिकारी है। [ ]

८) मारनेवाले से बचानेवाला बड़ा होता है। [ ]

**VI. समझो और लिखो:**

जैसे : पक्षी - चिड़िया

१) खून - ____________ २) पानी - ____________

३) गुस्सा - ____________ ४) तीर - ____________

५) कमान - ____________ ६) प्राणी - ____________

७) तरफ - ____________


**VII. वाक्य में प्रयोग करो:**

१) राजमहल २) चचेरा भाई ३) निरपराध

४) शिकायत ५) बगीचा

**पाठ से आगे-**

* राजकुमार सिद्‌धार्थ ने हंस पक्षी की रक्षा की। समझो इसी प्रकार तुम्हारे घर के पास कोई कुत्ता घायल हो गया है। तुम उसकी सहायता कैसे करोगे? तीन वाक्य बताओ।



©KTBS Not to be republished

पाठ ११

# साहसी उर्मिला

**आशय : उर्मिला के साहसी गुण का परिचय कराना। बच्चों में उर्मिला जैसे बनने की ललक पैदा करना।**

बागलकोट जिले के आलमट्टी गाँव में स्काउट-गाईड का शिबिर लगा हुआ था। शिबिर में राज्य के कई भागों से आए छात्र - छात्राओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा था।

शाम को सारे स्काउट व गाईड सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए इकट्ठे हुए। तभी अध्यापिका एक बालिका को अपने साथ लेकर आई। सबकी आँखें उस पर टिकी थीं।

अध्यापिका ने सब छात्रों को देखकर कहा - 'बच्चो, यह है उर्मिला।




©KTBS Not to be republished

बड़ी साहसी, बहादुर और होशियार। इसने अपने साहस से अपनी सहेली की जान बचाई।

एक गाईड ने उठकर पूछा - टीचर जी, उन्होंने यह साहस कैसे किया, हमें भी बताइए !

अध्यापिका ने कहा कि सब इस घटना के बारे में उर्मिला से ही सुनें।

उर्मिला खड़ी होकर कहने लगी - 'मुझे आज भी याद है। हम सब शिबिरार्थी उस दिन छोटी-सी पहाड़ी पर बड़ी सावधानी से चढ़ रहे थे। अचानक मेरी सहेली सविता फिसलकर गिर पड़ी। पहाड़ी की तलहटी में एक नहर बह रही थी। सविता नहर में जा गिरी। उसे तैरना नहीं आता था, ऊपर से पानी का बहाव तेज़ था। वह डूब रही थी और सहायता के लिए हाथ बढ़ा रही थी। सब घबराकर देखने लगे। उसी क्षण मैं भी फिसलते हुए नहर में कूदी।



©KTBS Not to be republished

तेज़ रफ़्तार से बहते हुए पानी में तैरना और सविता को पकड़ना कठिन लग रहा था। एक पल के लिए तो लगा कि मैं खुद डूब रही हूँ। पर मैंने साहस बटोरा और सविता की ओर अपना हाथ बढ़ाया। सविता को खींचकर मैं तट पर ले आई। उसने बहुत पानी पी लिया था और बेहोश हो गई थी। मैं भी थककर चूर हो गई थी। तब तक हमारे अध्यापक और मित्र भी वहाँ आ पहुँचे।

सबसे पहले अध्यापिका ने सविता को पेट के बल पर लिटाकर उसके पेट में भरे पानी को निकाला। थोड़ी ही देर में उसे होश आया। सबने हम दोनों को शिबिर तक पहुँचाया।'

उर्मिला ने जैसे ही यह सारी घटना कह सुनाई, चारों ओर से तालियों की आवाज़ गूँज उठी।

फिर अध्यापिका ने कहा - उर्मिला के इस साहस के लिए उसे राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया। २६ जनवरी के दिन दिल्ली में होनेवाले गणतंत्र दिवस समारोह में उसे राष्ट्रपति के हाथों यह पुरस्कार मिला। हमारे लिए उसका यहाँ आना गर्व की बात है। सारा शिबिर अब तालियों की ध्वनि में डूब गया था।

****

**समझो :**

शिबिरार्थी - शिबिर में रहनेवाले, क्षण - पल, रफ़्तार- गति, बटोरना- इकट्ठा करना, तलहटी - नीचे।

**अभ्यास**

**I. पाठ से ढूँढ़ो और लिखो :**

१. स्काउट और गाईड का शिबिर कहाँ लगा हुआ था ?

________________________________

©KTBS Not to be republished

२. अध्यापिका अपने साथ किसे लेकर आई ?

________________________________________

३. उर्मिला की सहेली कहाँ गिरी ?

________________________________________

४. उर्मिला कैसी बालिका थी?

________________________________________

५. उर्मिला ने उसे कैसे बचाया ?

________________________________________

६. उर्मिला को कौन-सा पुरस्कार मिला ?

________________________________________

**II. इन शब्दों की लड़ी बनाओ :**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बा | लि | का | | | | | | | | |
| | | का | ग | ज | | | | | | |
| | | | | ज | | | | | | |
| | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | |

©KTBS
Not to be republished

**III. २६ जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाया जाता है। हमारे देश में मनाए जानेवाले अन्य राष्ट्रीय त्योहारों के नाम उन्हें मनानेवाले दिनों के साथ जोड़ो :**

| | |
|---|---|
| १. बालदिवस | ५ सितंबर |
| २. स्वतंत्रता दिवस | १४ नवंबर |
| ३. शिक्षक दिवस | २ अक्तूबर |
| ४. गांधी जयंती | १५ अगस्त |

**IV. सही शब्द चुनकर लिखो :**

१. सविता को ___________ देर में होश आया। (थोड़ा/थोड़ी)

२. तेज़ रफ़्तार में बहते हुए पानी में तैरना कठिन लग _________था। (रहा/रही)

३. उर्मिला ने ___________ घटना कह सुनाई। (सारी/सारा)

**V. उर्मिला के साहस को देखकर लोग उसे साहसी कहते थे। नीचे दिए गए गुणोंवाले व्यक्तियों को क्या कहते हैं ?**

१. मेहनत - ___________

२. उत्साह - ___________

३. अभिमान - ___________

४. घमंड - ___________

©KTBS Not to be republished

**VI. विलोम शब्द लिखो :**

जैसे : चतुर x मूर्ख

१. मित्र x ____________

२. प्रसन्न x ____________

३. ____________ x दूर

४. ____________ x दुर्जन

**पाठ से आगे-**

**तुम्हारे स्कूल में कोई सांस्कृतिक कार्यक्रम चलता होगा:**

सामूहिक नृत्य

गाना


एकपात्राभिनय

नाटक

कविता वाचन

इनमें से तुम किसमें भाग लेना चाहते हो? बताओ।

इसी प्रकार तुम्हारी अन्य प्रतिभाओं की सूची बनाओ।




©KTBS Not to be republished

पाठ
१२

# यह देश हमारा

- डॉ. परवीन बानू फारुकी

**आशय : बच्चों में देशभक्ति की भावना भरना। देशवासियों में सत्य के मार्ग पर चलने की आस जगाना।**



यह देश हमारा शूरों का,
यह देश हमारा वीरों का।

यहीं हुआ है, जन्म बापू का,
यहीं हुआ है, जन्म भगत का।
सुंदर सपना था इन सबका,
उज्ज्वल हो भविष्य भारत का।।

क्या-क्या सिखा गए वे ज्ञानी,
भूल गए हम उनकी बानी।
सत्य मार्ग से भटक गए हम,
राग आग में बदल दिए हम।।

अब तो भूलो भेद-भाव को,
अब तो छोड़ो द्‌वेष-क्लेश को।
घायल न करो अपने देश को,
समझाओ इस ज़िद्‌दी मन को।।

## कविता-सार

कवयित्री का कहना है कि हमारा देश वीरों का और शूरों का है। यहीं बापूजी और भगतसिंह जी का जन्म हुआ था। उन्होंने भारत के उज्ज्वल भविष्य का सपना देखा था।

उन्होंने सत्य और प्रेम का पाठ सिखाया था परंतु आज हम इनको भूल बैठे हैं। अपने मन को हम समझायें और आपसी भाई-चारे से अपने देश को सुरक्षित बनायें।

Not to be republished ©KTBS

जानो :

**जानो :**

बापू - महात्मा गांधीजी, भगत - भगत सिंह, इन्होंने देश के लिए अपनी जान दी; बानी - वाणी, बातें; भटक गए - (ठीक) रास्ते से दूर गये, राग - प्रेम, आग - (यहाँ) द्वेष।

**अभ्यास**

**I. कविता पढ़ो और लिखो :**

१) हमारा देश कैसे लोगों का है ?

______________________________

२) हमारे देश में जन्मे दो व्यक्तियों के नाम कविता में दिये गये हैं। उनके नाम लिखो।

______________________________

३) उनका क्या सपना था ?

______________________________

४) हम आज किस रास्ते से भटक गये हैं ?

______________________________

५) हमें क्या भूलना है ? और क्या छोड़ना है ?

______________________________

६) हमने किसको आग में बदला है ?

______________________________

**II. सही शब्द चुनकर वाक्य पूर्ण करो:**

(बहु, समृद्ध, नदियाँ, कन्नड, भारत, कर्नाटक)

१) मैं __________ वासी हूँ।

©KTBS Not to be republished

२) _________ मेरा राज्य है।

३) मेरी प्रांतीय भाषा _________ है।

४) मेरा राज्य _________ भाषी राज्य है।

५) यहाँ अनेक _________ बहती हैं।

६) हमारा देश _________ है।

**III. इन पंक्तियों का आशय स्पष्ट करो:**

अब तो भूलो भेद-भाव को,
अब तो छोड़ो द्‍वेष-क्लेश को।
घायल न करो अपने देश को,
समझाओ इस ज़िद्‍दी मन को।।

**IV. इन शब्दों के समानार्थक शब्द कविता में से ढूँढ़कर लिखो:**

१) खूबसूरत - _____________

२) प्रकाशमान - _____________

३) बात - _____________

४) सच्चा मार्ग - _____________

५) प्रेम - _____________

६) हठी - _____________

**V. इस कविता को कंठस्थ करो।**

©KTBS Not to be republished

**VI. भारत देश में अनेक भाषाएँ बोली जाती हैं। 'हिंदी' हमारी राष्ट्रभाषा है। अब बताओ -**

१) कर्नाटक की प्रांतीय भाषा है ______________

२) महाराष्ट्र की प्रांतीय भाषा है ______________


३) गुजरात की प्रांतीय भाषा है ______________

४) उत्तरप्रदेश की प्रांतीय भाषा है ______________

**कविता से आगे-**

✻ कभी तुमने कोई सपना देखा है? अपने दोस्तों को वह सपना सुनाओ।

✻ घर में तुमने किसी बात के लिए ज़िद्द की है? कक्षा में बताओ कि वह ज़िद्द किसलिए थी? उसके बदले में तुम्हें क्या मिला?




©KTBS Not to be republished

पाठ
१३

# सरदार वल्लभभाई पटेल

**आशय : भारत के महान विभूतियों की जानकारी देना। बच्चों में संगठन चातुर्य का विकास करना।**



सरदार वल्लभभाई पटेल भारत के **''लौह पुरुष''** के नाम से जाने जाते हैं। उनका जन्म ३१ अक्टूबर १८७५ को नंदियाड़ (गुजरात) में हुआ था। मैट्रिक की परीक्षा में उत्तीर्ण होने के बाद उन्होंने वकालत की परीक्षा पास कर ली। इसके बाद गोधरा में वकालत का कार्य करने लगे।

कठिनाइयाँ उन्हें झुका नहीं सकती थीं, भय उन्हें डरा नहीं सकता था। जब वे बालक थे तब भी उनमें यही निर्भीकता थी। उनके बचपन की एक घटना है - उनकी काँख में एक फ़ोड़ा हुआ था। एक गँवार वैद्य ने दवा बताई-'लोहा गर्म करके फ़ोड़े में भोंक दो।' बालक वल्लभभाई झट तैयार। लोहा गर्म हुआ। भोंकनेवाले ने उसे अपने हाथ में लिया, पर उसका दिल इस कोमल बालक को देखकर काँप गया। वह हिचकिचाने लगा। बालक झुंझला उठा, ''क्या देख रहा है भाई? लोहा ठंडा हो रहा है। ले तुझसे नहीं बनता, तो मैं भोंक लूँ।'' भोंकनेवाला दंग रह गया।

सरदार वल्लभभाई पटेल स्वतंत्रता आंदोलन में कई बार जेल गए। सन् १९३१ में कराची काँग्रेस अधिवेशन की उन्होंने अध्यक्षता की। स्वतंत्रता आंदोलन में उन्होंने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। वल्लभभाई एक कुशल संगठनकर्त्ता भी थे। आज़ादी के बाद ५५६ छोटी - छोटी रियासतों को उन्होंने भारत देश में शामिल करवाया। सन् १९४७ से सन् १९५० तक वे भारत के उप प्रधानमंत्री और गृहमंत्री भी रहे। सरदार वल्लभभाई ज़्यादा बोलते नहीं थे। वे बोलते कम थे, करते अधिक थे। वे गरजने वाले मेघ नहीं, बरसनेवाले मेघ थे। उनकी मुखमुद्रा से उनकी आंतरिक शक्ति का पता चलता था।

©KTBS Not to be republished

सरदार वल्लभभाई एक योद्धा, एक सफल सेनानी और एक सिपहसालार थे। १५ दिसंबर १९५० को उनका देहांत हो गया। मरणोपरांत उन्हें भारत-रत्न की उपाधि से सम्मानित किया गया।

****

**जानो :**

लौह पुरुष - लोहे जैसा पुरुष अर्थात् दृढ़ इच्छा शक्तिवाला व्यक्ति, निर्भीकता - निडरता, भयहीन; काँख - बाहुमूल के नीचे का गड्ढ़ा, बगल ; फ़ोड़ा - शरीर का मवादयुक्त घाव, भोंकना - धंसाना, हिचकिचाना - कोई काम करने से पहले आशंका के कारण कुछ रुकना, झुंझलाना - क्रुद्ध एवं व्यथित होकर बोलना, दंग - आश्चर्य में पड़ा हुआ, हक्का - बक्का; बरसना - डाँटना-डपटना, गरजना - गंभीर एवं तीव्र ध्वनि करना, चिल्लाना; सिपहसालार - सेनापति, मरणोपरांत - मरने के बाद।

**अभ्यास**

**I. पढ़ो और बोलो :**

| | | |
|---|---|---|
| वल्लभभाई | काँख | काँपना |
| लौह पुरुष | झोंकना | तड़पना |
| मुखमुद्रा | भोंकनेवाला | जोखिम |
| रियासत | कुशल | प्रतिनिधि |
| व्याकुल | निमंत्रण | |

**II. नमूने के अनुसार शब्द बनाओ :**

**सुधार - सुधारक**

१. प्रचार -
२. विचार -
३. उद्धार -
४. परीक्षा -



©KTBS Not to be republished

**III. नमूने के अनुसार कोष्ठक में से शब्द चुनकर वाक्य पूरा करो :**

**नमूना :** मोहन कुर्सी पर ____________ है। (बैठा)

मोहन कुर्सी पर बैठा है।

(बैठा, बैठे, खड़े, लेटे, खड़ी)

१) अमित जी बिस्तर पर ____________ हैं।

२) बंदर छत पर ____________ है।

३) माताजी कॉर जे पास ____________ हैं।

४) तुम यहाँ क्यों ____________ हो ?

५) कुछ बच्चे भी वहाँ ____________ हैं।

**IV. प्रश्नों के उत्तर लिखो :**

१) सरदार वल्लभभाई पटेल किस नाम से जाने जाते हैं ?

____________________________________________

२) गँवार वैद्य ने फ़ोड़े के इलाज के लिए क्या दवा बताई ?

____________________________________________

३) सरदार वल्लभभाई पटेल ने वकालत का कार्य कहाँ से शुरू किया ?

____________________________________________

४) आज़ादी के बाद वल्लभभाई पटेल ने किस पद पर कार्य किया ?

____________________________________________

५) कितनी रियासतों को उन्होंने भारत में शामिल करवाया?

____________________________________________

६) उन्हें किस उपाधि से सम्मानित किया गया ?

____________________________________________

७) सरदार वल्लभभाई जी का जन्म कब और कहाँ हुआ ?

____________________________________________

©KTBS Not to be republished

## V. रिक्त स्थान भरो :

१) सन् १९३१ में कराची काँग्रेस अधिवेशन की उन्होंने _________ की।

२) वे बोलते कम थे, करते ___________ थे।

३) सरदार वल्लभभाई एक योद्धा, एक सफल सेनानी और एक ____ थे।

४) लोहा गर्म करके फ़ोड़े में ___________ दो।

५) ___________ को उनका देहांत हो गया।

## VI. नीचे लिखे शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो :

१) परीक्षा ________________________________________।

२) बचपन ________________________________________।

३) स्वतंत्रता ______________________________________।

४) वैद्य _________________________________________।

५) लोहा _________________________________________।

६) मेघ __________________________________________।

## VII. रेखा खींचकर मिलाओ :

| | |
|---|---|
| १) सरदार वल्लभभाई पटेल | बरसना |
| २) गोधरा | वैद्य |
| ३) काँख | वकालत |
| ४) गँवार | लौह पुरुष |
| ५) लोहा | फ़ोड़ा |
| ६) गरजना | गर्म |

**पाठ से आगे-**

✻ अपने देश के लिए तुम क्या करना चाहोगे-चार वाक्य लिखो।

©KTBS Not to be republished

पाठ
१४

# खिलौने

**आशय : स्थानीय कला का परिचय कनाना ।**



अनिल अपने पिताजी के साथ बेंगलूरु से मैसूरु बस से जा रहा था। उसने खिड़की के पासवाली सीट पर बैठने की ज़िद की, उसे बाहर के सारे दृश्य जो देखने थे ! पिताजी ने खिड़की के बाहर हाथ-सिर न डालने की हिदायत देकर उसे खिड़की के पास बैठने दिया।

बस आगे बढ़ी। अनिल को बिजली के खम्बे, पेड़-पौधे दौड़ते दिख रहे थे। बाहर के दृश्य देखते-देखते कब उसकी आँख लग गई, उसे पता ही न चला।

अचानक जब कंडक्टर ने ज़ोर से कहा- 'चन्नपट्टणा में उतरनेवाले उतरिए, बस यहाँ दस मिनट के लिए रुकनेवाली है' तो अनिल की नींद खुल गई। वह आँखें मलते हुए उठा। पिताजी चाय पीने के लिए उतर रहे थे, वह भी उनके साथ उतरा।



वहाँ काठ के खिलौनों की कई दुकानें थीं जिनमें कई सुंदर खिलौने थे। अनिल खिलौने खरीदने के लिए मचल उठा। उसने पिताजी से खिलौनों की माँग की। पिताजी ने उसे बंदर और बैलगाड़ी दिलाई। बस के चालक ने ज़ोर

© KTBS Not to be republished

से भोंपू (हार्न) बजायी तो ये दोनों बस की ओर लपके। इनके चढ़ते ही बस निकल पड़ी।

अब अनिल का सारा ध्यान अपने खिलौनों पर था। उसके मन में कई सवाल उठ रहे थे। उसने पूछा- पिताजी ये सुंदर खिलौने कौन बनाता है ?

**पिताजी बोले** - बेटा, ये खिलौने इस चन्नपट्टणा शहर में ही बनते हैं। यहाँ लगभग छः हज़ार लोग खिलौने बनाने का ही काम करते हैं। करीब ढाई सौ साल पहले टीपू सुल्तान ने पर्शिया देश से कारीगरों को बुलाया और स्थानीय लोगों को यह हुनर सिखाने की व्यवस्था की थी।

**अनिल** - पर बनाते कैसे हैं ? यह तो बताइए !

पिताजी मुस्कुराते हुए बोले - अरे बाबा ! सब बताता हूँ। ये खिलौने चंदन, शीशम, सागवान आदि लकड़ियों से बनाए जाते हैं। खिलौने बनाने का काम करीब छः चरणों में किया जाता है - लकड़ी मुहैया कराना, उसे सुखाकर पुख्ता बनाना, वांछित आकारों में काटना, खिलौने गढ़ना, रंगना और चमकाना। इन खिलौनों की एक और विशेषता यह है कि इनके रंग प्राकृतिक हैं जिससे बच्चों को हानि नहीं होती।

**अनिल** - यह तो बड़ी मेहनत का काम है। पर पिताजी, क्या ये खिलौने खरीदने के लिए हमें हर बार चन्नपट्टणा आना पड़ेगा ?

**पिताजी** - नहीं बेटा, ये खिलौने तो आजकल हर जगह मिलते हैं। यहाँ तक कि विदेशों में भी इनकी बड़ी माँग है।

अनिल और पिताजी ये सब बातें कर रहे थे कि बस मैसूरु के बस अड्डे पर पहुँच गयी। वे दोनों उतरे। अनिल अपने दोस्तों को खिलौने दिखाने के लिए और चन्नपट्टणा के बारे में बताने के लिए उतावला हो रहा था।

****

**जानो :**

ज़िद - हठ, हिदायत - निर्देश, आँख लगना - नींद आना, मुहैया कराना - उपलब्ध कराना, पुख्ता बनाना - कड़ा अथवा सख्त बनाना, हुनर - कौशल, वांछित - इच्छा के अनुसार।

© KTBS Not to be republished

## अभ्यास

**I. पाठ से ढूंढ़ो :**

१) अनिल अपने पिता के साथ कहाँ जा रहा था ?

______________________________

२) वह खिड़की के पासवाली सीट पर क्यों बैठना चाहता था ?

______________________________

३) बस चाय के लिए कहाँ रुकी ?

______________________________

४) अनिल ने पिताजी से किसकी माँग की ?

______________________________

५) पिताजी ने उसे कौन-कौन-से खिलौने दिलाए ?

______________________________

**II. अनिल अपने मित्रों के साथ खिलौने बना रहा था। पर वह चरणों का क्रम भूल गया। ठीक क्रम के अनुक्रमांक कोष्ठक में लिखकर उसकी सहायता करो :**

१. लकड़ी सुखाकर पुख्ता बनाना [ ]

२. रंगना [ ]

३. लकड़ी मुहैया कराना [ ]

४. चमकाना [ ]

५. खिलौने गढ़ना [ ]

६. वांछित आकारों में काटना [ ]

©KTBS Not to be republished

**III. उदाहरण समझो और लिखो :**

| **एक (एकवचन)** | **अनेक (बहुवचन)** |
|---|---|
| १. खिलौना | खिलौने |
| २. खिड़की | ______________ |
| ३. लकड़ी | ______________ |
| ४. बच्चा | ______________ |
| ५. बात | ______________ |
| ६. दुकान | ______________ |

**IV. रेखांकित शब्दों के विलोमार्थक का प्रयोग करते हुए वाक्य लिखो:**

जैसे - अनिल बस से जा रहा था।

अनिल बस से आ रहा था।

१. उसे बाहर के सारे दृश्य देखने थे।

______________________________________________

२. वह आँखें मलते हुए उठा।

______________________________________________

३. कंडक्टर ने जोर से कहा।

______________________________________________

४. चन्नपट्टणा में उतरनेवाले उतरिए।

______________________________________________

५. अनिल खिलौने खरीदना चाहा।

______________________________________________

© KTBS Not to be republished

**V. शुद्ध उच्चारण के साथ पढ़ो और लिखो:**

१. बेंगलूरु ________________

२. मैसूरु ________________

३. दृश्य ________________

४. कंडक्टर ________________

५. चन्नपट्टणा ________________

६. माँग ________________


७. भोंपू ________________

८. पर्शिया ________________


९. वांछित ________________

१०. प्राकृतिक ________________

**VI. इन खिलौनों के नाम लिखो :**











______________ ______________ ______________ ______________


©KTBS
Not to be republished

**VII. खिलौने बनाने में ये उपकरण सहकारी हैं। चित्रों के साथ उनके नाम जोड़ोः**

आरी 


छेनी 

रंदा 

हथौड़ा 

**पाठ से आगे -**

✻ तुम जहाँ रहते हो वहाँ की स्थानीय कला की चर्चा अपने दोस्तों से करो।




©KTBS Not to be republished

पाठ १५

# धरती-बल

**आशय : आइज़क न्यूटन के आविष्कार का परिचय कराना।**



एक युवक था गुणी महान
आइज़क न्यूटन उसका नाम।

बैठा था वह बाग के बीच
सोच रहा था कुछ माथा भींच।

आगे गिरा सेब तत्काल
पका हुआ, सुंदर सा लाल।

उठकर उसने सेब उठाया
मनन किया, फिर ध्यान लगाया।

आखिर सेब गिरा क्यों नीचे ?
चीज़ों को धरती क्यों खींचे ?

उसने खोजा, पता लगाया।
सारी दुनिया को बतलाया ।

सब चीज़ों पर देकर ज़ोर
धरती खींचे अपनी ओर।

यही ज़ोर धरती-बल जानो
धरती को चुंबक-सा मानो।

****

©KTBS Not to be republished

## कविता-सार

इस कविता में उस घटना का वर्णन हुआ है जिससे महान वैज्ञानिक आइज़क न्यूटन ने धरती-बल के बारे में अधिक आविष्कार किया और भौतिक विज्ञान को एक नई दिशा दी। आइज़क न्यूटन सेब को धरती पर गिरते देखकर सोचने लगे कि हर वस्तु को धरती अपनी ओर क्यों खींचती है। एक सामान्य घटना भी न्यूटन को एक नई बात सोचने के लिए प्रेरित करती है।

**समझो :**

तत्काल - उसी समय, धरती - भूमि, चुंबक - लोहे की चीज़ों को अपनी ओर खींचनेवाली धातु, मनन करना - विचार करना, सोचना।

## अभ्यास

**I. कविता से ढूँढ़ो और लिखो :**

१. गुणी युवक का नाम क्या था ?

२. उसके सामने गिरा सेब कैसा था?

३. सेब को किसने नीचे खींचा था ?

४. धरती-बल क्या है ?

**II. देखो तो इनमें कौन-सा शब्द गायब है :**

१. एक युवक था ____________ महान।

२. उठकर उसने ____________ उठाया।

३. मनन किया फिर ____________ लगाया ।

४. धरती को ____________ सा मानो।

© KTBS Not to be republished

**भाषा खेल :**

**III. तुकवाले शब्दों को जोड़कर लिखोः**

**(लाल, खींचे, भींच, मानो, ओर)**

१. बीच →  
२. तत्काल →  
३. नीचे →  
४. ज़ोर →  
५. जानो →

**IV. क्या तुम जानते हो ?**

| वैज्ञानिक | आविष्कार |
|---|---|
| १. आइज़क न्यूटन | धरती-बल |
| २. थामस आल्वा एडिसन | बल्ब |
| ३. मैडम क्यूरी | रेडियम |
| ४. सर.जगदीशचंद्र बोस | पेड़-पौधों में जान है |

**V. अन्य वचन शब्द लिखोः**

१. युवक  
२. महान  
३. बाग  
४. सेवा

**VI. इन पंक्तियों को पूर्ण करोः**

सब ______________________ ज़ोर  
____________ खींचे ____________।  
यही __________ धरती ___________  
________________________ मानो।

**कविता से आगे -**

* भारतीय वैज्ञानिकों के चित्र इक्ट्ठा करो और एक अल्बम बनाओ।

© KTBS Not to be republished

पाठ
१६

# तेनालीराम

**आशय : तेनालीराम की तरह चतुर बनने की प्रेरणा देना।**



तेनालीराम राजा कृष्णदेवराय का दरबारी था। वह बहुत चतुर और बुद्धिमान था। इसी कारण राजा कृष्णदेवराय उसका बहुत सम्मान व विश्वास किया करते थे। तेनालीराम की चतुराई का दूर-दूर तक लोहा माना जाता था। राजा कृष्णदेवराय के समक्ष जब भी कोई कठिन समस्या खड़ी होती, वे तेनालीराम को बुला भेजते। तेनालीराम भी उस समस्या का कोई न कोई हल अवश्य निकाल लेते।

एक बार की बात है। राजा कृष्णदेवराय ने राज्य के कुछ भद्र पुरुषों को अपने महल में भोजन पर आमंत्रित किया। आए हुए अतिथियों को सोने के बर्तनों में भोजन कराया । भोजन करते हुए एक अतिथि ने सोने का चम्मच उठाया और चुपके से अपनी जेब में रख लिया।


राजा कृष्णदेवराय तथा तेनालीराम ने अतिथि को चम्मच जेब में रखते हुए देख लिया। राजा कृष्णदेवराय ने तेनालीराम को इशारा किया। तेनालीराम तुरंत समझ गए कि अतिथि का अपमान किए बिना ही चम्मच निकलवाना है।

©KTBS Not to be republished



जब सब लोग भोजन कर चुके तो तेनालीराम अपने स्थान पर खड़े होकर बोले, ''सज्जनो ! अब आप सबके मनोरंजन के लिए मैं एक जादू का खेल दिखाऊँगा। देखिए मैं यह सोने का चम्मच अपनी जेब में रखूँगा और आप लोगों में से किसी एक की जेब से निकालूँगा।''

अतिथियों ने तालियाँ बजाईं। तेनालीराम ने चम्मच अपनी जेब में रखा। फिर उन्होंने आँखें बंद की और मन-ही-मन कुछ बुड़बुड़ाने लगे, जैसे कोई मंत्र



© KTBS Not to be republished

पढ़ रहे हों। थोड़ी देर बाद उन्होंने अपनी आँखें खोलीं और कहा ''अब चम्मच मेरी जेब में से किसीकी जेब में चला गया है। देखते हैं कि किसकी जेब में है।'' इतना कहकर तेनालीराम बारी-बारी से प्रत्येक अतिथि के पास जाते और मन-ही-मन कुछ बुड़बुड़ाते। अंत में उस अतिथि के समक्ष जा खड़े हुए जिसने चम्मच चुराया था। वे कुछ बुड़बुड़ाए और बोले, ''मित्र, मेरा जादू बता रहा है कि चम्मच आपकी जेब में है। कृपया अपनी जेब देखिए।'' अतिथि के पास बचने का कोई उपाय तो था नहीं। न चाहते हुए भी उसे अपनी जेब में हाथ डालना पड़ा। उसने जेब से चम्मच निकाला और तेनालीराम को दे दिया। सभी अतिथियों ने तेनालीराम के जादूई चमत्कार को देखकर तालियाँ बजाईं। राजा कृष्णदेवराय तेनालीराम की चतुराई पर बहुत प्रसन्न हुए। उन्होंने तेनालीराम को खूब सारा इनाम दिया।

****

**जानो :**

दरबारी - राजा के दरबार (आज के मंत्री मंडल जैसा) में रहनेवाला, चतुराई - बुद्धिमत्ता, भद्र पुरुष - श्रेष्ठ लोग, सम्मानित लोग; खूब सारा - बहुत सारा, बुड़बुड़ाना - धीरे से अस्पष्ट रूप से कुछ बोलना।

**अभ्यास**

**I. बताओ और लिखो :**

१) तेनालीराम किसके दरबारी थे ?

_______________________________________________

२) राजा कृष्णदेवराय किस पर विश्वास करते थे ?

_______________________________________________

३) कृष्णदेवराय ने अतिथियों को क्यों आमंत्रित किया था ?

_______________________________________________

©KTBS Not to be republished

४) राजा कृष्णदेवराय ने तेनालीराम को किस चीज़ के लिए इशारा किया?

________________________________________

५) तेनालीराम ने अतिथियों को कौन-सा खेल दिखाने की घोषणा की ?

________________________________________

६) तेनालीराम ने वह खेल क्यों खेला ?

________________________________________

७) तेनालीराम की चतुराई पर राजा कृष्णदेवराय ने उन्हें क्या दिया ?

________________________________________

**II. सही को (✓) और गलत को (✗) निशान लगाओ :**

१) तेनालीराम बहुत मूर्ख थे। ( ✗ )

२) राजा कृष्णदेवराय ने अतिथियों को चाँदी के बर्तन में भोजन कराया। (     )

३) तेनालीराम राजा थे। (     )

४) तेनालीराम हर समस्या का हल निकाल लेते थे। (     )

५) एक अतिथि ने चम्मच अपनी जेब में रख लिया। (     )

६) अतिथियों ने जादू का खेल देखकर तालियाँ नहीं बजाई। (     )

७) तेनालीराम को खूब सारा इनाम दिया गया। (     )

८) चम्मच अतिथि की जेब में नहीं था। (     )

©KTBS Not to be republished

## III. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो :-

१) अतिथियों को ____________ के बर्तनों में भोजन कराया गया। (सोने/चाँदी)

२) अतिथियों ने जादू के लिए ____________ बजाई। (ताली/सीटी)

३) तेनालीराम ने ____________ पढ़ने का बहाना किया। (किताब/मंत्र)

४) तेनालीराम बारी-बारी से ____________ के पास जाते। (अतिथि/चोर अतिथि)

५) अतिथि ने अपनी जेब से ____________ निकाला और तेनालीराम को दे दिया। (चाबी/चम्मच)

६) अतिथि ने ____________ जेब में रख लिया। (चम्मच/कलछी)

७) सभी अतिथि तेनालीराम के जादूई ____________ को देखकर तालियाँ बजाने लगे। (चमत्कार/खेल)

## IV. जोड़कर लिखो :

| | |
|---|---|
| तेनालीराम | कृष्णदेवराय |
| राजा | चतुर दरबारी |
| चोरी | सोने के बर्तन |
| भोजन → | जेब |
| इनाम | जादू का खेल |
| चम्मच | तालियाँ |
| अतिथि | चतुराई |

©KTBS Not to be republished

**V. बहुवचन शब्द लिखो:**

१. ताली - ____________

२. मित्र - ____________


३. सज्जन - ____________

४. समस्या - ____________

५. राजा - ____________

**VI. तेनालीराम ने मनोरंजन के लिए जादू दिखायी। तुम मनोरंजन के लिए क्या करोगे? कोई पाँच विषय बताओ।**

| **पाठ से आगे-** |
|---|
| ✻ अकबर - बीरबल की कहानियाँ पढ़ो और कक्षा में सुनाओ। |



©KTBS Not to be republished


# पाठ १७ जल ही जीवन है

**आशय : जल मूल को बचाने की प्रेरणा देना। जल आधुनिक युग में अमृत से भी बढ़कर है - इस ओर संकेत करना।**

उस दिन अंकित कक्षा में आया तो बहुत उदास लग रहा था। जब अध्यापिका कक्षा में आईं तो सब बच्चों ने उठकर उनका अभिवादन किया। अंकित भी अनमने भाव से खड़ा हुआ। अध्यापिका ने सब बच्चों को बैठने के लिए कहा और अंकित से पूछा - ''अंकित तुम क्यों उदास हो ?''

**अंकित खड़े होकर बोला -** ''आज मुझे माँ से खूब डाँट खानी पड़ी, टीचर !

**अध्यापिका** - ''वह क्यों'' ?



**अंकित बोला -** ''आज दाँत माँजते समय मैंने नल खोलके रखा था और बाद में उसे बंद करना भूल गया, इसलिए । माँ कहती है कि हमें जल बचाना चाहिए और उसका अपव्यय नहीं करना चाहिए।''

**अध्यापिका -** ''तुम्हारी माँ ठीक कहती हैं बेटा ! आज हर जगह पानी की बड़ी समस्या हो रही है।

**अंकित -** ''पर टीचर आपने तो कहा था कि इस धरती पर ७१ प्रतिशत पानी है। फिर पानी की कमी क्यों होने लगी भला !''

©KTBS Not to be republished

**अध्यापिका** - ''इस धरती पर पानी तो बहुत है। पर उसमें केवल एक प्रतिशत पानी ही हमारे उपयोग के लायक है। बाकी सारा पानी या तो सागरों में है, जो कि खारा होता है या फिर हिम के रूप में जम गया है।''

**अंकित** - ''तो टीचर, हमारे उपयोग के लायक पानी कहाँ से मिलता है ?''

**अध्यापिका** - ''बच्चो हम केवल नदी, तालाब, पोखर, कुँए से और ट्यूबवेल द्वारा अंतर्जल के पानी का उपयोग कर सकते हैं ।''

**शालिनी :** ''टीचर, हमारे घर के पास एक तालाब है और वह इतना गंदा है कि हम उसका उपयोग नहीं कर सकते। वह इतना बदबूदार है ! छीः !''

**कमला :** ''टीचर, हमारी नानी के गाँव के तालाब में तो लोग अपने कपड़े, बरतन, जानवर, गाड़ियाँ सब कुछ धोते हैं और उसे गंदा करते हैं। वहाँ तो ट्यूबवेलों में भी पानी नहीं आता।''



**अध्यापिका :** ''हाँ बच्चो, आज सारे जलस्रोत लगातार कलुषित किए जा रहे हैं और पानी का दुरुपयोग भी किया जा रहा है जिससे लोगों के रोज़ाना उपयोग के लिए, कारखानों की आवश्यकता के लिए और खेतीबाड़ी के लिए पानी की बढ़ती माँग को पूरा करना दूभर हो रहा है। कई जगहों में तो दो-तीन दिन में एक बार नलों में पानी आ रहा है।

निरंतर वनों की कटाई के कारण वर्षा में कमी आ गई है और अंतर्जल भी कम होता जा रहा है। इसीलिए बच्चो, हमें चाहिए कि हर बूँद पानी का हम सोच-समझकर उपयोग करें और पानी को गंदा होने से बचाएँ। वर्षा के पानी के संग्रह करने के बारे में लोगों को जागृत करना भी बहुत आवश्यक है। समझे ?''

**सब बच्चे :** हम समझ गए टीचर, अब हम पानी व्यर्थ नहीं करेंगे और यह बात सबको बताएँगे।

****

©KTBS Not to be republished

**जानो :**

उदास - दुखी, अभिवादन - प्रणाम, नमस्कार; अपव्यय - व्यर्थ खर्च करना, खारा - नमकीन, अंतर्जल - भूमि के अंदर का जल, कलुषित - गंदा, स्रोत - मूल, आकर; रोज़ाना - प्रतिदिन, दूभर - कठिन, निरंतर - लगातार, वर्षा - बारिश, संग्रह - इकट्ठा।

## अभ्यास

**I. पाठ पढ़कर बताओ और लिखो :**

१. अंकित क्यों उदास था ?

____________________________________

२. उसे माँ ने क्यों डाँटा ?

____________________________________

३. धरती पर कितना प्रतिशत पानी है ?

____________________________________

४. लोग तालाब के पानी को किस प्रकार गंदा करते हैं ?

____________________________________

**II. अंकित ने नल खोलकर पानी बहाया जिसके कारण उसे डांट खानी पड़ी। ऐसे कई काम होते हैं जिनके लिए हमारी प्रशंसा होती है और कुछ कामों के लिए हमारी निंदा। नीचे दिए गए चित्रों के आगे प्रशंसनीय कामों के लिए ☺ का चिह्न और गलत कामों के लिए ☹ चिह्न का प्रयोग करो:**

©KTBS Not to be republished













© KTBS Not to be republished

**III. 'श' अथवा 'ष' को चुनकर शब्द पूरा करो :**

दो □ दोष

दे □ ____________

प्रति □ त ____________

कलु □ त ____________

**IV. एक-से अर्थ देनेवाले शब्दों को जोड़ो :**

उदास → दुखी

पानी नदी

जल सरिता

समुद्र

कमी

सागर अभाव

**V. जलस्रोतों का मूल 'वर्षा' है। अब बताओ 'वर्षा' कैसे होती है?**

1. सूर्य के ______ से समुद्र का पानी ______ बनकर ऊपर उठता है।
2. वही भाप _______में बादल बन जाता है।
3. बादल एक दूसरे से टकराकर _______ होती है।
4. वर्षा का पानी _______ में _______ में मिल जाता है।

(नदी , वर्षा, भाप, ताप, आसमान, सागर)

**VI. वाक्य में प्रयोग करो:**

1. अभिवादन 2. अपव्यय 3. उपयोग 4. आवश्यकता

**पाठ से आगे -**

✻ जल की तरह और कौन-सी ऐसी चीजें हैं जिनके बिना हम जी नहीं सकते? उनकी एक सूची बनाओ।



©KTBS Not to be republished

पाठ १७

# डायरी का एक पन्ना

**आशय : छात्र गरीबों के प्रति आदर भावना रखना सीखते हैं।**

दि : ३१-१२-२०१७, सोमवार

आज मुझे एक अद्‌भुत अनुभव हुआ। मैं इसे कभी भूल नहीं सकता।

आज मैं अपने मित्र राजीव के यहाँ गया था। मित्र ने चाय पिलायी। हम लोग चाय पीकर बगीचे में टहलने गये। कुछ देर टहलने के बाद फिर घर के अंदर वापस आये। मुझे लगा कि मैं अपनी कलम को चाय की मेज़ पर रखकर गया था, लेकिन वहाँ वह नहीं मिली। कलम नयी थी और पचास रुपये की थी।

वहाँ एक नौकर था। मुझे संदेह हुआ कि उसने कलम ली होगी। पूछा तो उसने कह दिया कि उसने कोई कलम नहीं देखी, लेकिन मेरा संदेह दूर नहीं हुआ। क्या करूँ? मन ही मन नौकर को कोसता हुआ अपने घर के लिए निकल पड़ा।



थोड़ी ही दूर गया था कि वह नौकर भागता-भागता मेरे पीछे आया और कहने लगा कि ''भैया जी! यह आपके कलम और बटुआ बगीचे में पड़े मिले। जब पौधों को पानी देने गया तब मिले। लीजिए!'' मैंने बटुए में दो सौ रुपये रखे थे। मैंने बटुए को खोला तो दो सौ रुपये सुरक्षित थे। मैं शर्मिंदा हो गया।

उसे धन्यवाद देते हुए मैंने दस रुपये का नोट उसकी ओर बढ़ाया। उसने कहा कि ''नहीं भैया जी, मैं मेहनत का खाता हूँ। ईमानदारी के लिए पैसे कैसे?'' मैं दुबारा शर्मिंदा हो गया।

मुझे लगा कि गरीबों का आदर करना सीखना है। मैं अब कभी गरीबों का अनादर नहीं करूँगा।

****

©KTBS Not to be republished

## अभ्यास

**I. पाठ से ढूँढ़कर उत्तर लिखो:**

१. लेखक किसके साथ कहाँ टहलने गये?

२. लेखक को कलम के बारे में क्या लगा?

३. नौकर ने लेखक से क्या कहा?

४. लेखक अपने घर कैसे निकल पड़े?

५. लेखक को शर्मिंदा करनेवाली बातें कौन-कौन सी हैं?

६. लेखक के कलम और बटुआ कहाँ गिर गये थे?

७. इस पाठ से हमें क्या सीख मिलती है?

**II. नमूने के अनुसार विलोम शब्द लिखो:**

**घर के अंदर** — **घर के बाहर।**

१. कुछ देर टहलना → ________________

२. एक नौकर → ________________

३. पीछे आया → ________________

४. कलम नयी → ________________

**III. नमूने के अनुसार शब्द बनाओ:**

१. **नौकर → नौकरानी**

२. देवर → ________________

३. जेठ → ________________

४. सेठ → ________________

©KTBS Not to be republished

**IV. नमूने के अनुसार क्रिया रूप बनाओ:**

**टहलना → टहलाना**

१. लिखना → ______________

२. मिलना → ______________

३. बढ़ना → ______________

४. करना → ______________

५. पढ़ना → ______________

**V. नमूने के अनुसार शब्द बनाओ:**

**बटुआ → बटुए में**

१. बगीचा → ______________

२. टहलना → ______________

३. भागना → ______________

४. पौधा → ______________

५. रुपया → ______________

**VI. नमूने के अनुसार शब्द रूप बनाओ:**

**मेज़ → मेज़ें**

१. कलम → ______________

२. आँख → ______________

३. बहन → ______________

©KTBS Not to be republished

**पौधा → पौधे**

१. बटुआ → __________________

२. रुपया → __________________

३. पैसा → __________________

**VII. सही शब्द से वाक्य पूरा करो:**

(लेकिन, और, कि, तो)

1. मैंने बटुए को खोला __________ दो सौ रुपये सुरक्षित थे।
2. थोड़ी ही दूर गया था __________ वह नौकर भागता-भागता मेरे पीछे आया।
3. मैं अपनी कलम को चाय की मेज़ पर रखकर गया था __________ वहाँ वह नहीं मिली।
4. यह आपके कलम __________ बटुआ बगीचे में पड़े मिले।

**VIII. नमूने के अनुसार शब्द बनाओ:**

**पौधा → पौधों को**

१. मेज़ → __________________

२. कलम → __________________

३. नौकर → __________________

४. मित्र → __________________

©KTBS Not to be republished

**IX. नमूने के अनुसार शब्द का अर्थ बताओ:**

**ईमानदार → जो प्रामाणिकता का जीवन बिताता है वह ईमानदार है।**

१. अनुभवी → ____________________


२. शर्मिंदा → ____________________

३. मेहनती → ____________________

४. गरीब → ____________________

**पाठ से आगे -**

✲ अपने अनुभव की एक छोटी-सी घटना सुनाओ और उसे लिखो।



©KTBS Not to be republished